

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 13 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-313 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 14 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# दो बाइकों में टक्कर, पति-पत्नी समेत 3 की मौत

**रायपुर,13 फरवरी।** विधानसभा थाना इलाके में गुरुवार रात भीषण सड़क हादसा हुआ. दो तेज रफ्तार बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई. हादसे में पति-पत्नी समेत तीन की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ. मृतकों की पहचान टेकारी निवासी भोजराज विश्वकर्मा, प्यारी बाई विश्कर्मा और मांढर निवासी सुभम यादव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है. बाइक सवार भोजराज विश्कर्मा, प्यारी बाई विश्कर्मा और सुभम यादव की मौत हो गई. सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मृतकों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. एक गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल उसका इलाज जारी है.

## नेशनल हाईवे-30 पर दो हादसे, 2 की मौत



**चिल्फ़ी घाटी,13 फरवरी।** रायपुर–जबलपुर नेशनल हाईवे-30 पर महज तीन घंटे के भीतर दो अलग-अलग सड़क हादसे हो गए। पहले हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दूसरे हादसे में ट्रक की टक्कर से डीजल टैंक फटने के कारण सड़क पर डीजल फैल गया, जिससे लंबा जाम लग गया। पहला हादसा दोपहर करीब 2:30 बजे चिल्फी से लगभग एक किलोमीटर दूर कोयला भट्ठा के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो चालक गौथर सिंह (32), निवासी ग्राम धनिया झोर, जिला मंडला (मप्र), की मौके पर ही मौत हो गई। उनका शव स्टेयरिंग में फंसा रह गया, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। ऑटो में सवार भागचंद (40), निवासी ग्राम मनोरी (मप्र), टक्कर के बाद सड़क किनारे जा गिरे। उनके एक पैर में फ्रैक्चर और सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वाराणसी कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**वाराणसी,13 फरवरी।** कचहरी और इलाहाबाद हाईकोर्ट समेत उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। ईमेल के जरिए दी गई इस धमकी में बेहद गंभीर आरोप और खौफनाक साजिश का जिक्र किया गया है। इसके बाद सुरक्षा बढ़ाते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वाराणसी में शुक्रवार की सुबह उस वक्त दहशत फैल गई, जब जिला जज को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल में वाराणसी कचहरी, इलाहाबाद हाईकोर्ट और प्रदेश के कई जनपदों के न्यायालय परिसरों को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। धमकी देने वाले ने दोपहर 1 बजे का समय निर्धारित करते हुए सिलसिलेवार 18 धमाके करने की बात कही थी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और आनन-फानन में कचहरी परिसर को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसी दौरान एक लावारिस अटैची मिलने से सनसनी बढ़ गई। बम डिस्पोजल दस्ते की टीम उसकी जांच में जुटी है। कचहरी के साथ ही कलक्ट्रेट के सभी कार्यालय और रजिस्ट्री दफ्तर भी खाली कराया जा रहा है। वहीं, अयोध्या कचहरी का भी नाम होने से वहां भी कचहरी खाली कराकर चेकिंग की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह ईमेल तमिलनाडु के रहने वाले सुनिया डासन नामक व्यक्ति की ओर



से भेजा गया है। ईमेल में केवल धमाके की धमकी ही नहीं दी गई है, बल्कि तमिलनाडु सरकार और मीडिया के गठजोड़ को लेकर बेहद चौंकाने वाले और गंभीर दावे किए गए हैं। ईमेल में कहा गया है कि तमिलनाडु सरकार 2021 तक मीडिया को खत्म करना चाहती थी और इसके लिए वह बड़े पत्रकारों (जर्नलिस्टों) को 'हायर' कर अपने पक्ष में इस्तेमाल कर रही है। धमकी भरे मेल में मीडिया मैनेजमेंट को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई है। सुनिया डासन ने आरोप लगाया है कि प्रमुख जर्नलिस्टों को सरकार के पक्ष में करने के लिए उन्हें निजी हाथों में बेचा जा रहा है। सबसे अधिक चौंकाने वाला दावा यह है कि इन पत्रकारों के लिए नाबालिग बच्चियों और लड़कियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। ईमेल में एक विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और कुछ स्थानीय बदमाशों की मिलीभगत का भी जिक्र है। मेल भेजने वाले ने बकायदा आठ चर्चित जर्नलिस्टों और उनके पास भेजी गई लड़कियों के नाम और उनकी उम्र का भी उल्लेख किया है। आरोपी का दावा है कि व्यवस्था के खिलाफ उसके इस आक्रोश का परिणाम इन बम धमाकों के रूप में सामने आएगा।जिला जज को धमकी भरा मेल मिलते ही पुलिस कमिश्नरेट और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। कचहरी परिसर में भारी पुलिस बल, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता तैनात कर दिया गया है। वादकारियों और अधिवक्ताओं को सुरक्षित बाहर निकालकर हर संदिग्ध वस्तु की सघन चेकिंग की जा रही है।

## नेशनल हाईवे मुआवजा आर्बिट्रेशन अपील

# 221 दिन की देरी से दायर याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

**बिलासपुर,13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित जमीन के मुआवजे से जुड़े मामले में दायर आर्बिट्रेशन अपील को 221 दिन की देरी के कारण खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि केवल धनाभाव और कानूनी जानकारी की कमी जैसे सामान्य कारणों के आधार पर इतनी लंबी देरी को माफ नहीं किया जा सकता। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की एकलपीठ में हुई। जांजगीर-चांपा जिले के सारागांव निवासी रामकृष्ण, ओंकार, महावीर, परमेश्वरी और रमेश्वरी की जमीन नेशनल हाईवे चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित की गई थी। 30 जुलाई 2016 को अवार्ड पारित हुआ। मुआवजे की राशि से असंतुष्ट होकर अपीलकर्ताओं ने नेशनल हाईवे एक्ट की धारा 3G(5) के तहत मामला मध्यस्थ के समक्ष रखा। मध्यस्थ ने 10 नवंबर 2017 को आदेश पारित करते हुए मुआवजे का पुनर्मूल्यांकन केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड, रायपुर के वर्ष 2015-16 के दिशा-निर्देशों के अनुसार करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग) ने धारा 34 के तहत जिला न्यायालय में चुनौती दी। तृतीय जिला न्यायाधीश, जांजगीर ने 2019 में मध्यस्थ का आदेश निरस्त कर दिया। जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपीलकर्ताओं ने धारा 37 के तहत हाईकोर्ट में अपील दायर की, लेकिन यह अपील 221 दिन की देरी से दाखिल हुई। देरी माफी के लिए लिमिटेशन एक्ट की धारा 5 के तहत आवेदन पेश किया गया। अपीलकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि धनाभाव, प्रक्रिया की जानकारी का अभाव और व्यक्तिगत परेशानियों के कारण समय-सीमा में अपील दाखिल नहीं हो सकी। उनका कहना था कि देरी जानबूझकर नहीं की गई और यदि देरी माफ कर दी जाए तो प्रतिवादियों को कोई नुकसान नहीं होगा।

# पत्नी ने पीछा कर ज्योतिषी पति को कार में गर्लफ्रेंड संग पकड़ा

**नई दिल्ली,13 फरवरी।** गुरुग्राम में दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने अपने ज्योतिषी पति और उसकी महिला दोस्त (गर्लफ्रेंड) को बीच सड़क पर रोक लिया। राजीव चौक के पास हुए इस हाई-वोल्टेज ड्रामे को देखकर लोग दंग रह गए। पत्नी ने न केवल पति की गाड़ी के शीशे तोड़े, बल्कि उसकी कथित गर्लफ्रेंड को बालों से पकड़कर सड़क पर गिरा-गिराकर पीटा।

जानकारी के अनुसार, आरोपी पति दिल्ली में एस्ट्रोलोजर (ज्योतिषी) का काम करता है। पत्नी को पिछले काफी समय से पति के चरित्र पर शक था। गुरुवार सुबह जब वह अपनी महिला मित्र के साथ निकला तो पत्नी ने दिल्ली से ही उसका पीछा करना शुरू कर



दिया। सुबह करीब 11 बजे जैसे ही उनकी गाड़ी राजीव चौक के पास पहुंची, पत्नी ने अपनी गाड़ी आगे अड़ाकर उन्हें रुकवा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला ने गुस्से में आकर सबसे पहले पति की गाड़ी के अगले शीशे पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। जैसे ही गाड़ी रुकी, महिला ने अंदर बैठी युवती को बालों से खींचकर बाहर निकाला और सड़क पर पटक दिया। पति ने जब अपनी दोस्त को बचाने की कोशिश की, तो पत्नी ने उस पर भी थप्पड़ों और चप्पलों की बरसात कर दी। एक्सप्रेसवे के बीचों-बीच चल रहे इस हंगामे के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। जांच अधिकारी ने बताया कि मामले में शामिल युवती मूल रूप से महाराष्ट्र की रहने वाली है और एक आईटी कंपनी में काम करती है। वह एक दिन पहले ही दिल्ली के एस्ट्रोलोजर से मिलने आई थी। दोनों पिछले 7-8 महीनों से एक-दूसरे के संपर्क में थे। पति बुधवार से ही घर नहीं गया था, जिससे पत्नी का शक यकीन में बदल गया।

## बेंगलुरु में एक साथ टकराई कई गाड़ियां, 7 की मौत

**बेंगलुरु,13 फरवरी।** होसकोटे के बाहरी इलाके में आज सुबह एक दिल दहलाने वाला सड़क हादसा हुआ। एक कार, एक बाइक और एक कैंटर वाहन की आपसी टक्कर ने कई परिवारों को सूना कर दिया। हादसे में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना होसकोटे-दबासपेटे नेशनल हाईवे पर एम सत्यवारा गांव के पास हुई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब होसकोटे से देवनहल्ली की ओर जा रही एक कार ने एक बाइक पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, कार ड्राइवर ने शुरुआती टक्कर के बाद वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और कार एक कैंटर वाहन से टकरा गई। एक और कार भी इस हादसे की चपेट में आ गई जिसके परिणामस्वरूप भीषण दुर्घटना हो गई। कार में सवार 6 लोग और बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा ओवरस्पीडिंग की वजह से हुआ है। हादसे में जान गंवाने वाले 6 लोग कोथनूर के निवासी थे, हालांकि उनकी पहचान की पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है।

# बांग्लादेश : दो-तिहाई बहुमत के साथ बीएनपी की वापसी

## जमात को बड़ा झटका; मोदी ने तारिक रहमान को दी बधाई

**ढाका,13 फरवरी।** सत्ता के लिए 20 साल का इंतज़ार खत्म करते हुए, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी 13वें आम चुनावों में बहुमत का आंकड़ा पार करने के बाद अगली सरकार बनाने के लिए तैयार है. यह एक अहम जनादेश है, जो उथल-पुथल से जूझ रहे देश की सियासी दिशा में एक बड़ी तब्दीली की तरफ इशारा करता है. तारिक रहमान के नेतृत्व वाली पार्टी ने आखिरी बार 2001 में चुनाव जीता था. आज पार्टी ने जीत का ऐलान कर दिया है क्योंकि गिनती के ट्रेंड्स में भारी जीत का इशारा मिल रहा था, जिससे दो दशकों के बाद सत्ता में उसकी वापसी पक्की हो गई. इस बीच, जमात-ए-इस्लामी को बड़ा झटका लगा है, जो नतीजों के धीरे-धीरे आने के बावजूद डबल-डिजिट सीटों तक ही सीमित रही. स्थानीय मीडिया ने बताया कि सुबह-सुबह हुई वोटिंग में बीएनपी गठबंधन ने 209 सीटें जीतीं.

**कैसा रहा जमात-ए-इस्लामी का प्रदर्शन?**-बीएनपी के प्रदर्शन ने उसे सिंपल मेजॉरिटी के लिए ज़रूरी 151 सीटों की लिमिट से आगे पहुंचा दिया, जिससे पार्टी अगली सरकार बनाने के लिए मज़बूत स्थिति में आ गई. कई चुनाव क्षेत्रों में वोटों की गिनती जारी रही, लेकिन कुल मिलाकर



ट्रेंड्स से पता चला कि फ़ाइनल टैली में बड़े बदलाव की गुंजाइश कम है. सुबह करीब 4 बजे तक, जमात-ए-इस्लामी ने 56 सीटें जीत ली थीं. बांग्लादेश के रेफरेंडम के अनऑफिशियल नतीजों से जुलाई चार्टर के लिए लोगों के मज़बूत सपोर्ट का भी पता चलता है, जो 2024 के विद्रोह से बना एक सुधार डॉक्यूमेंट है जिसमें बड़े संवैधानिक बदलावों का प्रस्ताव है.

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान को बांग्लादेश चुनावों में उनकी पार्टी की बड़ी जीत के बाद बधाई देते हुए मोदी का बयान दोबारा पोस्ट किया. मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और सबको साथ लेकर चलने वाले बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा. मैं हमारे कई तरह के रिश्तों को मजबूत करने और हमारे साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए आपके साथ काम करने का इंतजार कर रहा हूं." बांग्लादेश में हुए 13वें संसदीय चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रचंड जीत के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तारिक रहमान को गर्मजोशी से बधाई दी है. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया (X) पर साझा किए अपने संदेश में इस जीत को बांग्लादेश की जनता का उनके नेतृत्व पर अटूट विश्वास बताया.

# सरकारी मक्का प्लांट पर ग्रामीणों का हमला

## कोंडागांव में तोड़फोड़, फोर्स पर गुलेल से अटैक

**कोंडागांव,13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के कोकोड़ी गांव स्थित मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट में भारी बवाल हो गया। करीब 700–800 ग्रामीणों की भीड़ लाठी-डंडे और पत्थरों के साथ प्लांट परिसर में घुस गई और ऑफिस, वाहनों तथा मशीनरी में जमकर तोड़फोड़ की। कैंपस में खड़ी कार, ट्रैक्टर और अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार हमले में 10 से 20 लाख रुपए तक का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट से निकलने वाला तरल अपशिष्ट (वेस्ट) उनके खेतों तक पहुंच रहा है, जिससे फसलें खराब हो रही हैं। किसानों का कहना है कि वे लंबे समय से प्रशासन और प्रबंधन से शिकायत कर रहे थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी नाराजगी के चलते ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से प्लांट का घेराव कर दिया और देर रात तक वहां डटे रहे। हमले के दौरान प्लांट में मौजूद एक ट्रक ड्राइवर ने जंगल में छिपकर



अपनी जान बचाई। शुक्रवार सुबह भी ग्रामीणों ने दोबारा परिसर में घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है और प्लांट के बाहर भारी सुरक्षा तैनात है। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। कुछ ग्रामीण दूर से पुलिस बल पर गुलेल से पत्थर फेंकते रहे। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रदूषण संबंधी आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ राज्य का खेल बजट 2026-27

# खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का हो प्रावधान

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

मनुष्यों के लिए आधुनिक जीवन शैली में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। इसके लिए खेलकूद को जिंदगी में विशेष स्थान देने की आवश्यकता है। अब तो अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार व्यक्ति व्यायाम शाला से जुड़ सकता है। चाहे वह घर पर ही जिम का संचालन करें या फिर घर के बाहर सड़क किनारे सुबह या शाम को पैदल चले अन्यथा किसी तालाब या मैदान में निर्मित खुले जिम में 10-20 मिनट कसरत कर लें।

विदेशों की बात छोड़ दीजिए हमारे देश को 15 अगस्त 1947 को मिली स्वतंत्रता के पश्चात् 1951, 1982 में एशियाई खेलों तथा 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों आयोजन करके खेलों को बढ़ावा देने की कोशिश की गई। परंतु खिलाड़ियों की उपलब्धि कुछ ही खेलों में रही। जनसंख्या की दृष्टि से 1 अरब 47 करोड़ लोगों के देश में खिलाड़ियों की उपलब्धि अब तक अपेक्षाकृत नहीं रही।

भारत का खेल इतिहास जब भी लिखाजायेगा उस समय 26 मई 2014 को टर्निंग प्वाइंट माना जाएगा। इस दिन भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने कार्यभार ग्रहण किया और उन्होंने भारत को खेलकूद में विश्व मंच पर स्थापित करने के लिए अनेक कदम उठाने की शुरुआत की। अब हमारे देश के अभिभावकों पर जिम्मेदारी आ गई है कि वे अपने-अपने परिवार के बच्चों, किशोरों, युवाओं को घर से बाहर निकालकर खेल क्षेत्र में भेजने के लिए सकारात्मक प्रयास करें।

छत्तीसगढ़ में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस जैसे कुछ खेलों के खिलाड़ियों के जीवन स्तर का अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि व्हालीबाल, बास्केटबाल, नेटबॉल, एथलेटिक्स, जुडो, हैंडबाल, भारोत्तोलन, कुश्ती, कबड्डी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आम तौर पर साधारण परिवार से हैं। प्रशिक्षकों, समाजसेवियों, खेलसंघों, खेल प्रेमियों के सहयोग से ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के बल पर छत्तीसगढ़ का नाम देश-विदेश में कर रहे हैं। दूसरी तरफ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इच्छानुरुप उपलब्ध सुविधा से छत्तीसगढ़ में पिछले 13 वर्षों में खेलकूद का जो माहौल बना है उससे 2036 के ओलंपिक खेलों में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा पदक हासिल करने की उम्मीद बंध चली है। अब छत्तीसगढ़ राज्य में 2026-27 का बजट पेश किया जाना है। विश्वस्तरीय खिलाड़ी हमारे प्रदेश से तैयार करने हेतु एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना शासन द्वारा पूर्व में घोषित 70 एकड़ में किया जाना चाहिए। इसमें विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने हेतु खेल के विभिन्न क्षेत्रों यथा प्रशिक्षक, चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, आहार विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक, ट्रेनर तैयार करने का पाठ्यक्रम शुरू करके छत्तीसगढ़ में जागरूक खेल प्रहरी तैयार किए जा सकेंगे। प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक सामग्री, खेल मैदान, जिम आदि की उपलब्धता होगी। छत्तीसगढ़ के इस खेल विश्वविद्यालय से प्रदेश के नौजवानों को शिक्षित होकर रोजगार का अवसर मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए नवा रायपुर में 70 एकड़ भूमि के आरक्षित किए जाने की घोषणा पहले की गई थी। राज्य सरकार को स्वयं नहीं तो उद्योग जगत के सीएसआर फंड से इसका निर्माण कराने का निर्णय शीघ्रातिशीघ्र लेना चाहिए ताकि इस शिक्षण-प्रशिक्षण संस्था का लाभ 2036 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को मिल सके।

# राहुल गांधी को समझ नहीं आया बजट: बृजमोहन

**रायपुर,13 फरवरी।** संसद के बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर चर्चा के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक तरफ बजट से प्रदेश के साथ-साथ देश को होने वाले फायदे गिनाएं, वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सदन में उनके व्यवहार के लिए निंदा करते हुए कांग्रेस सरकार के दौरान देश की हालत से अवगत कराने का काम किया. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट के लिए धन्यवाद देने के साथ शुरू किया. उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट देश को तरक्की देने वाला, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है, यह बजट संकल्प को ठोस आधार देने वाला बजट है. यह बजट योजनाओं से आगे बढ़कर परिणामों को देने वाला, किसानों के सम्मान का, युवाओं के अवसर का, महिलाओं की शक्ति का, गरीबों की सुरक्षा का बजट है. रायपुर सांसद ने कहा कि मैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सुना रहा था, वे मार्शल आर्ट के बारे में बोल रहे थे, ये तो विदेशी आर्ट है. हमारे मोदी जी धोबी पछाड़ जानते हैं. उसी धोबी पछाड़ के कारण 3 चुनाव जीते हैं, और आपको विपक्ष में बैठना पड़ा है. ये मार्शल आर्ट से काम चलने वाला नहीं है. आपको कुश्ती सीखनी पड़ेगी, आपको कबड्डी सीखनी पड़ेगी, आपको भारत के खेल सीखने पड़ेंगे. उन्होंने कहा कि मोदी जी भारतीय है, वे भारत की चिंता करते हैं, भारत को जानते हैं. वो गाँव. गरीब, किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाएं सबकी चिंता करने वाले हैं. और यह इस बजट में दिखाई दे रहा है. इसके साथ राहुल गांधी पर फिर से निशाना साधते हुए कहा कि ये सेलिंग डेटा की बात कर रहे थे, जरा ये सेलिंग डेटा टू जी स्कैम किया था, यूपीए की सरकार में. इसके बारे में उनको बताना चाहिए. स्पैक्ट्रम जो थे वो तो एटीएम बन. गए थे, स्पैक्ट्रम बेच कर वो पैसा कमा रहे थे, आज भी भ्रष्टाचार की जाँच चल रही है. जरा सेलिंग डेटा के बारे में बताएं.सांसद अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी को यह बजट समझ में नहीं आया. ये बजट खर्च का बजट नहीं है, निवेश का बजट है. कांग्रेस ने खाली खर्च किया है.

# डिप्टी सीएम शर्मा के मार्गदर्शन में कवर्धा का चहुमुंखी विकास हो रहा : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,13 फरवरी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज कवर्धा नगर के विकास को नई गति देते हुए कुल 2 करोड़ 80 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक बी.टी. रोड एवं नाली निर्माण तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि नगर के विकास के लिए सड़क, नाली और सामुदायिक भवन जैसे मूलभूत कार्य अत्यंत आवश्यक हैं। अंबेडकर चौक से



समनापुर पुल तक लगभग 2 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बी.टी. रोड एवं नाली का निर्माण किया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। वहीं लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण होगा, जिससे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा उन्हें कब्जे का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद आवास की स्वीकृति में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष को कहा कि ऐसे सभी लोगों को शीघ्र प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को 2 लाख 36 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी, जिससे वे अपने अनुरूप बेहतर घर बना सकेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अंबेडकर चौक के पास 30 लाख रुपए की लागत से सियान सदन बनाया जाएगा, जहां वरिष्ठ नागरिक बैठकर समय व्यतीत कर सकेंगे। जरूरत पड़ने पर उन्हें घर से लाने-ले जाने की व्यवस्था भी की जाएगी। शहर के सभी प्रमुख चौकों के सौंदर्यीकरण के लिए भी 20-20 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने वाली है, जिसमें गाडगे जी, सहस्त्रबाहु जी, सेन जी और महाराज करपात्री जी महाराज से जुड़े चौकों का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही कवर्धा कॉलेज परिसर में 4.5 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा परिसर के रूप में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जा रही है। भोजपुरी तालाब के समीप हनुमंत वाटिका का निर्माण किया जा चुका है, वहीं घोटिया क्षेत्र में 354 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग के 7.8 किलोमीटर हिस्से को फोरलेन बनाते हुए कवर्धा एंट्रेंस का विकास किया जाएगा, जिसके लिए 54 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि कवर्धा का चौमुखी विकास उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में लगातार हो रहा है। यह पूरे शहर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पार्षद, कार्यकर्ता सहित शहरवासी उपस्थित रहे।

### भेंट



**कवर्धा।** जिला साहू समाज महासचिव एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत राम पटेल को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी।

## एक नजर

### 6 खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई, 13 फरवरी (तछसं.)।** साइबर फ्राड मामले में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 6 खाता धारकों पर सख्त कार्रवाई की है। मामले में विभिन्न बैंकों के खातों के चेक के माध्यम से धोखाधड़ी की राशि का लेन-देन हुआ है और दीगर राज्यों से प्राप्त सूची के खातों को चिन्हित कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले में दर्ज साइबर धोखाधड़ी प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि विभिन्न बैंकों के खातों में ठगी की राशि प्राप्त कर चेक एवं अन्य माध्यमों से निकासी की गई है विशेष टीम गठित कर अभियान चलाया गया। इसमें 06 खाता धारकों को चिन्हित कर पूछताछ एवं कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि संबंधित खातों के माध्यम से विभिन्न जिलों में दर्ज कुल 26 शिकायतों की राशि का लेन-देन हुआ है। एक प्रकरण में 13,00,000 रुपए अन्य प्रकरणों में 15,000 रुपये, 38,800 रुपये एवं 50,00,000 रुपए तक की राशि का संदेहास्पद लेन-देन पाया गया। इस मामले में संदेही रूपेश बंजारे निवासी दुर्ग, आजेन्द्र साहू निवासी दुर्ग, जावेद शेख निवासी दुर्ग, सरस्वती निषाद निवासी दुर्ग, हेमा बिनानी निवासी दुर्ग व अभिषेक गुप्ता निवासी दुर्ग पर कार्रवाई कर संबंधित बैंक खातों के दस्तावेज, लेन-देन संबंधी अभिलेख, चेक एवं अन्य बैंकिंग दस्तावेज जब्त किया है। संबंधित प्रकरणों में पूर्व से अपराध पंजीबद्ध हैं तथा अन्य में अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### म्यूल खाता से लेनदेन,गिरफ्तार



**भिलाई, 13 फरवरी (तछसं.)।** म्यूल अकाउंट से 3 लाख 5 हजार 273 की संदिग्ध लेनदेन कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।(ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर म्यूल अकाउंट संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। जांच के दौरान पाया गया कि एचडीएफसी बैंक सुपेला शाखा मैं रूपेश बोबड़े (32 साल ) निवासी अनंतपुरम, माइल स्टोन स्कूल के पीछे, जुनवानी स्मृति नगर सुपेला, जिला दुर्ग द्वारा एक बैंक खाता खुलवाया गया था। जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त खाता का उपयोग ऑनलाइन ठगी की राशि प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा था। 1 जून 2025 से 11 फ रवरी 2026 के मध्य कुल 3 लाख 5 हजार 273 की संदिग्ध ऑनलाइन राशि खाते में जमा होना पाया गया। इस प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 317 (2), 318 (4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

### नकली पिस्टल से डराने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 13 फरवरी (तछसं.)।** वाहन में नकली पिस्टल लहराकर, भय उत्पन्न करने वाले और उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले तीन आरोपियों को मोहन नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से नकली पिस्तौल जब्त की गई है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो में तीन व्यक्तियों द्वारा वाहन में बैठकर नकली पिस्तौल लहराते हुए फोटो वीडियो बनाकर आमजन में भय का वातावरण निर्मित किया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए थाना मोहन नगर पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई थी जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा सार्वजनिक स्थान सुमित बाजार के पास स्टेशन रोड क्षेत्र में वाहन से उतरकर नकली पिस्टल के माध्यम से लोगों को डराने धमकाने का प्रयास किया गया उक्त वीडियो को इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड भी किया गया था इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए पुलिस ने आरोपी जयदीप कांडा निवासी संतरा बाड़ी, गगनप्रीत सिंह निवासी सुमित बाजार के बाजू पोल साय पारा तथा पवनदीप सिंह निवासी गुरु नानक नगर चिखली को गिरफ्तार किया है

# पाटन ब्लाक के शासकीय विद्यालय उरला बीएमवाय के छात्र बेंगलुरु में सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 13 फरवरी।** सेंटर फॉर एन्वायरमेंट एजुकेशन (सी.ई.ई) के विप्रो अर्थियन पर्यावरण मित्र कार्यक्रम में विप्रो फाउंडेशन के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट पर पाटन विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (बी.एम.वाय) पाटन जिला दुर्ग के पांच छात्रों एवं एक गाइड शिक्षिका को 31 जनवरी को बेंगलुरु में सम्मानित किया गया। शिक्षिका श्रीमती ललित किशोरी साहू के निर्देशन में विद्यालय के छात्रोंड्ढ कुमारी संध्या साहू, कुमारी भूमिका निषाद,एनिश पटेल, गिरेन्द्र साहू और चंदन विश्वकर्मा ने कचरा प्रबंधन एवं सस्टेनेबिलिटी विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर सेंटर ऑफ एन्वायरमेंट एजुकेशन लखनऊ को रिपोर्ट भेजी गई थी जहां से इसे राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन हेतु बेंगलुरु भेजा गया। इसके पश्चात्




इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया जिसके लिए मार्गदर्शक शिक्षक व पांच छात्रों को विप्रो फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया गया। 28 से 31 जनवरी के बीच अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सी.ई.ओ अनुराग बेहर और ई.सी.जी के ग्लोबल हेड और विप्रो फाउंडेशन मैनेजिंग ट्रस्टी पी.एस.नारायण की मौजूदगी में प्रमाण पत्र, विद्यालय को पचास हजार रुपए की धनराशि व शिक्षक और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण किट प्रदान की गई। शिक्षिका श्रीमती ललित किशोरी साहू ने बताया कि पूरे देश के लगभग दो हजार प्रोजेक्ट में से राष्ट्रीय स्तर पर 25 प्रोजेक्ट का चयन हुआ है जिसमें से एकमात्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला (बी.एम.वाय) का चयन हुआ है।यह पूरे राज्य एवं दुर्ग जिले सहित पाटन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। विशेष उपलब्धि -संस्था के प्राचार्य श्रीमती मंजू शुक्ला एवं ललित किशोरी साहू (व्याख्याता) गाइड शिक्षिका के निर्देशन में एवं छात्रों के सहयोग से यह उपलब्धि विद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित हुई।विगत दो वर्षों से इस विद्यालय का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। विद्यालय ही नहीं पूरे राज्य के लिए यह बड़ी सफलता है। विद्यालय व बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं शाला विकास समिति के सभी सदस्यों ने विद्यालय एवं छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भिलाई निगम देगा 100 भूखण्ड 30 वर्षीय लीज पर

**भिलाई, 13 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में स्थित रिक्त 100 भूखण्डों का अंतरण 30 वर्षीय लीज पर किया जा रहा है। इसके लिए निविदा/प्रस्थापन ऑनलाइन पोर्टलके माध्यम से आमंत्रित की गई है। निगम द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व आवासीय योजना, दक्षिण गंगोत्री व्यावसायिक योजना, मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम व्यावसायिक योजना तथा बसंत विहार आवासीय योजना सहित विभिन्न क्षेत्रों में भूखण्ड उपलब्ध कराए गए हैं।




### ग्राम पंचायत दौर में वीबी जीरामजी का प्रचार किया गया

**उतई, 13 फरवरी।** भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विकसित भारत गारंटी रोजगार आयोजिका मिशन ग्रामीण विकसित भारत जी राम जी के तहत सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा है ग्राम पंचायत दौर में भी यह कार्यक्रम चल रहा है जिसका व्यापक रूप से असर पड़ रहा है इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता हर प्रसाद आडिल मिलराम यादव पूर्व पंच मिलन यादव सुखराम विश्वकर्मा गरीब ठाकुर मायाराम यादव द्वारका साहू देवतनीन ठाकुर रमता निर्मलकर गीताबाई सुखवंती अमेरिका यादव सूरज निर्मलकर इत्यादि गण उपस्थित थे

# विष्णुदेव साय सरकार किसान हितैषी :धनराज साहू

■ **होली के पहले भुगतान किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला निर्णय**

**उतई, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने होली से पहले किसानों को बोनस की सौगात देकर यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार किसानो के सुख-दुख को समझती है प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानो की सरकार है किसान हितैषी सरकार है भाजपा जो वादा करती है उसको पूरा करने दृढ़संकल्पित है भाजपा की साय सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए किसानों को पूरा 3100 प्रति क्विंटल की राशि प्रदान कर रही है भाजपा



का ये निर्णय लाखों किसान परिवारों के चेहरे पर खुशियों वाला है किसान हितैषी साय सरकार का यह कदम छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए प्रोत्साहन देने वाला है।

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ इस निर्णय का स्वागत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी को बधाई और धन्यवाद देती है। यह निर्णय किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और हमें विश्वास है कि आगे भी सरकार इसी तरह किसानों के हित में काम करती रहेगी।

### महिला का शव मिला

**भिलाई, 13 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा खार में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई यह शव केवल्य धाम के पीछे मिला है सूचना मिलते ही कुम्हारी थाने पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष है शव की स्थिति को देखते हुए अनुमान है कि महिला की मृत्यु लगभग 10 से 15 दिन पहले हुई होगी अधिक समय बीत जाने के कारण तत्काल पहचान संभव नहीं हो सकी है इस मामले में थाना कुम्हारी में मर्ग कायम कर कार्रवाई की जा रही है पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया है कि महिला के हाथ पर विनोद शर्मा नाम का टैटू अंकित है।

# वित्तीय सूझबूझ से सेल ने 200 लाख टन बिक्री का नया लक्ष्य तय किया

**भिलाई, 13 फरवरी।** भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी (सेल) भविष्य की मजबूती के लिए नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने और बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से वित्त वर्ष 2025-26 में 200 लाख टन स्टील बिक्री का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की बिक्री 179 लाख टन रही थी। सेल का मुख्य फोकस ऋण में कटौती और परिचालन लागत को कम करने पर है, जिससे भविष्य के बड़े निवेश के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो



सकें। इसी दिशा में वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्य) का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच कंपनी ने करीब ?5,000 करोड़ का ऋण चुकाया, जबकि जनवरी 2026 में इसमें 2,000 करोड़ रु की और कमी आई। डॉ. पंडा ने कहा कि परिचालन दक्षता, इन्वेंट्री लिक्विडेशन, लागत अनुकूलन और मजबूत ट्रेजरी प्रबंधन से वित्तीय लागत में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इसके परिणामस्वरूप कंपनी के पास विकास योजनाओं के लिए अधिक अवसर उत्पन्न हुए हैं। मार्केटिंग रणनीति के प्रभाव से अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 के बीच बिक्री में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक कुल बिक्री 16.6 मिलियन टन तक पहुंच गई, जिससे कार्यशील पूंजी पर दबाव कम हुआ और नकदी प्रवाह बेहतर हुआ। कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा के अधिक उपयोग, मैनपावर दक्षता और संरचनात्मक लागत कटौती पर भी काम कर रही है, जिससे ऊर्जा खर्च में स्थायी बचत हो रही है। यह रणनीति न केवल प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा रही है, बल्कि सेल के ग्रीन स्टील और स्थिरता के लक्ष्य को भी मजबूती दे रही है। डॉ. पंडा ने कहा कि कर्ज में कमी, बेहतर इन्वेंट्री प्रबंधन और केंद्रित मार्केटिंग से सेल अपनी नींव मजबूत कर रहा है। बढ़ती मांग और मजबूत कैपेक्स पाइप लाइन के साथ हमें भरोसा है कि वित्त वर्ष 2025-26 में 200 लाख टन बिक्री का लक्ष्य हासिल किया जाएगा और आने वाले वर्षों में इससे भी ऊंचे लक्ष्य तय होंगे।

## समाचार संक्षेप

### सड़क जाम,हाथापाई मामले में 2 और गिरफ्तार





**भिलाई, 13 फरवरी (तछसं.)।** जमीन रजिस्ट्री की बढ़ी दरों के विरोध में पटेल चौक पर हुए मार्ग जाम और पुलिस से हाथापाई के मामले में दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने दो और आरोपियों शुभम सिंह राजपूत ( 24 साल ) निवासी वार्ड - 16 कर्मचारी नगर शिव मंदिर के पास दुर्ग और गीतेश कुमार ठाकुर (27 साल ) निवासी ग्राम खुरशीटिकुल पो. सुरडोंगर जिला बालोद हाल पता वार्ड क्रमांक 16 कर्मचारी नगर दुर्ग को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 8 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है पुलिस के अनुसार मामला 1 दिसंबर 2025 का है बीएसएनएल ऑफिस के सामने कुछ लोगों ने बिना अनुमति प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके पर मौजूद बल ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ गई आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से हाथापाई की गई और आवागमन बाधित किया गया इस दौरान प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, तुषार सलामे, अजय साहू हिमांशु जंघेल को चोटें आईं। घटना के बाद थाना सिटी कोतवाली में बीएनएस की धारा 221, 126 (2) और 191(2) के तहत मामला दर्ज किया था 6 आरोपियों अनिल वासनिक ( साल ) निवासी अंबेडकर नगर दुर्ग, विक्की चंद्राकर ( 32 साल ) निवासी शीतला नगर दुर्ग, दिनेश पाण्डेय ( 35 साल ) निवासी गयानगर दुर्ग, राकेश यादव ( 38 साल निवासी गयानगर दुर्ग, जितेन्द्र बत्रा (41साल ) निवासी सिंधी कॉलोनी स्टेशन रोड दुर्ग और मनोज राजपूत ( 50 साल ) निवासी सिकोला भाठा दुर्ग को गिरफ्तार किया जा चुका है अब दो अन्य आरोपी शुभम सिंह राजपूत और गीतेश कुमार ठाकुर को उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया सक्षम जमानतदार पेश करने पर दोनों को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इनमें यशवंत सिंह राजपूत ( 33 साल ) निवासी बोरसी दुर्ग, ओमप्रकाश कोटवानी सहित अन्य शामिल हैं मामला पटेल चौक मार्ग जाम के दौरान हुआ था विवाद, दो से अधिक अब भी फरार ।

### गुरमत समागम में सिरोपा भेंटकर इंद्रजीत का किया गया सम्मान

**भिलाई, 13 फरवरी।** गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी, सुपेला भिलाई में साहिबजादा बाबा अजीत सिंह जी के जन्म दिहाड़ा के अवसर



पर 16वें विशेष गुरमत समागम का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में यूथ सिख सेवा समिति एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। समागम के दौरान अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा द्वारा सिख समाज के सेवा कार्यों में निरंतर योगदान हेतु इंद्रजीत सिंह एवं उनके साथ उपस्थित समिति के सदस्यों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, कुलवंत कौर, सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शानू, अनिल चौधरी, डॉ. हरजिंदर सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य तथा बड़ी संख्या में गुरु संगत उपस्थित रही। समागम में शब्द-कीर्तन, अरदास एवं गुरु लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें संगत ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

# नंदनी रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ निगम की सख्त कार्रवाई

**भिलाई, 13 फरवरी।** नंदनी रोड क्षेत्र में सड़क बाधा



हटाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए निगम प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। व्यापारियों द्वारा सड़क और फुटपाथ पर सामान फैलाकर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ बेदखली अभियान चलाते हुए कुल 20 हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया। लंबे समय से नागरिकों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि नंदनी रोड पर कई दुकानदार अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैला देते हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने संयुक्त टीम के साथ मौके पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क पर रखे गए सामानों को जब्त कर मार्ग को खाली कराया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले चार व्यापारियों हरियाणा ट्रेडर्स, गुड्डू ट्रेडर्स, प्रिया सेल्स एवं अन्य पर चालानी कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। सभी व्यापारियों को भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी भी दी गई। इस कार्रवाई में शहर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार डिकेश्वर साहू, थाना प्रभारी, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, बाल कृष्ण नायडू, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक प्रभारी हरिओम गुप्ता सहित निगम की बेदखली टीम एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की यातायात व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### गोविन्द पाल को मिलेगा भारत भाषा भूषण सम्मान

**भिलाई, 13 फरवरी।** अखिल भारतीय भाषा साहित्य सम्मेलन भोपाल द्वारा प्रतिष्ठित कवि गोविन्द



पाल का चयन प्रतिष्ठित भारत भाषा भूषण सम्मान के लिए किया गया है। यह सम्मान उन्हें 17 फरवरी को भोपाल मध्य प्रदेश स्थित दुष्यंत संग्रहालय, शिवाजी नगर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व भी उन्हें साहित्य की विभिन्न विधाओं में सशक्त लेखन के लिए सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। गोविन्द न केवल एक सक्रिय साहित्यकार हैं, बल्कि साहित्यिक संगठनों के माध्यम से सैकड़ों नवोदित रचनाकारों को मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देकर उन्हें साहित्य की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। वे विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान में वे मुक्तस्वर साहित्य समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, रजनीकांत श्रीवास्तव, डॉ. सुचित्रा शर्मा, नेहा वार्ष्णेय, शंकर भट्टाचार्य, संतोष जाटव जालौनी, शीशलता शालू, पंडित वासुदेव भट्टाचार्य, विमान भट्टाचार्य, भानू जी राव, सोम साहित्यकारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है।

# चार माह से पेंशन नहीं, एमआईसी ने लिखा समाज कल्याण विभाग को पत्र



**रिसाली,13 फरवरी।** पेंशन धारियों के खातें में राशि नहीं आने से महापौर परिषद ने समाज एवं कल्याण विभाग को पत्र लिखा है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा पेंशन हितग्राहियों को पेंशन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। परिषद के सद्स्यों ने बैठक में 305 नए आवेदनों को अनुमोदन भी किया। दरअसल परिषद के सदस्यों का कहना था कि नवम्बर 2025 से पेंशन हितग्राहियों के खाते में राशि नहीं आई है। चर्चा के दौरान खुलासा हुआ कि विभाग से ही राशि का आवंटन नहीं हुआ है। इसे महापौर परिषद के सदस्यों ने गंभीरता से लिया और समाज कल्याण विभाग को पत्र लिखने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय पेंशन एवं राज्य शासन की पेंशन योजना के तहत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन के तहत 500-500 और सामाजिक सुरक्षा के तहत 49 वर्ष से कम आयु में विधवा होने पर 20 हजार की सहायता दी जाती है। योजना का लाभ लेने बी.पी.एल. होना अनिवार्य है। महापौर परिषद की बैठक में महापौर शशि सिन्हा, एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे। महापौर परिषद के सदस्यों ने अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक प्राप्त 305 पात्र आवेदकों का अनुमोदन किया। पात्र में केन्द्रीय पेंशन योजना के 247 एवं राज्य पेंशन योजना के 58 लोग शामिल है।

## एक नजर

### रेलवे चौक में एटीएम न होना दुर्भाग्यपूर्ण: के. विनायक राव

**डोंगरगढ़ 13 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ जैसे प्रमुख धार्मिक नगर के सबसे व्यस्त क्षेत्र रेलवे स्टेशन एवं रेलवे चौक में लगभग 600 मीटर के दायरे में एक भी एटीएम सुविधा उपलब्ध न होना अत्यंत चिंताजनक है। इससे यात्रियों, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है। वार्ड क्रमांक 03 के पार्षद के. विनायक राव ने बताया कि उन्होंने शहर में संचालित सभी बैंकों से लिखित रूप में आग्रह किया है कि रेलवे चौक एवं बुधवारी पारा क्षेत्र में शीघ्र एटीएम स्थापित किए जाएँ। उन्होंने कहा कि शहर विकास और नागरिक सुविधाएँ उनकी प्राथमिकता हैं, और वे हमेशा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे। डोंगरगढ़ के समग्र विकास हेतु पहल लगातार जारी रहेगी।

### भरथरी गाथा की खूब सराहना की



**रायपुर 13 फरवरी।** श्रेया ग्रामीण विकास एवं संस्कृतिक संस्थान रायपुर द्वारा संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से एक दिवसीय भरथरी गाथा का आयोजन ग्राम पंचायत पलौद, जिला रायपुर में किया गया। भरथरी गाथा के अंतर्गत राजा भरथरी की जीवन में घटित सारी घटनाओं को बहुत ही सारगर्भित अनुकरणीय संगीत मय प्रस्तुतियां विभिन्न भरथरी कल डाल के द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विभिन्न भरथरी संस्कृतिक दल को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक सारगर्भित रहा जिसका उपस्थित लोगों ने खूब प्रशंसा की कार्यक्रम के पश्चात कलाकारों को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### राजस्व शिविर में अनुपस्थित दो कोटवार निलंबित

**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को सिमगा तहसील के ग्राम कचलोन में आयोजित शिविर में दो ग्रामो के कोटवार अनुपस्थित रहने पर उन्हें निलंबित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे ने कचलोन में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया।शिविर में ग्राम कचलोन के कोटवार बृजमोहन मानिकपुरी और ग्राम खण्डुआ के कोटवार गुलाबदास मानिकपुरी अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई कि कोटवार लगातार ग्राम में अनुपस्थित रहते हैं और अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते हैं। इस पर एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार सिमगा द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### सरस्वती सम्मान से सम्मानित किए जाएंगे रुद्र नारायण पाणिग्रही

**रायपुर 13 फरवरी।** 21 फरवरी 2026 को विमतारा ऑडिटोरियम,शांति नगर रायपुर में सरस्वती साहित्य महोत्सव का वृहद आयोजन किया जा रहा है द्य इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के साहित्यिक विभूतियां को सम्मानित किया जाएगा द्य इस साहित्य महोत्सव में जगदलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्राही को सरस्वती सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है, यह सम्मान आंचलिक साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा। ज्ञात हो कि यह साहित्य महोत्सव सरस्वती प्रकाशन भिलाई तथा साईनाथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है द्य छत्तीसगढ़ के उक्त ग्रुप के द्वारा कला साहित्य व संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रतिवर्ष लोगों को सम्मानित करती आ रही है इस वर्ष सरस्वती साहित्य सम्मान 2026 का रुद्र नारायण पाणिग्रही वरिष्ठ लेखक व इतिहासकार को प्रदान किया जाएगा द्य उक्त कार्यक्रम में परिचर्चा के दो सत्र तथा ओपन माइक कार्यक्रम भी शामिल है।



# युवा मनरेगा संशोधन संग्राम प्रदेश स्तरीय युवा महापंचायत में 3000 से अधिक युवा हुए शामिल



**रायपुर 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा आज राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय युवा मनरेगा संशोधन संग्राम-युवा महापंचायत का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से आए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं राज्य गीत अरपा पैरी के धार के साथ की गई।

प्रदेश के सभी जिलों और हर विधानसभा क्षेत्र से आए युवाओं ने मनरेगा संशोधन के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा योजना के नाम और कार्यशैली में किए गए बदलाव रोजगार अधिकार पर सीधा आघात है। विशेष रूप से लोकसभा से लेकर पंचायत तक चुनाव लड़ चुके युवाओं, तथा ST, SC, OBC वर्ग के युवाओं को इस महापंचायत में प्रमुख स्थान दिया गया। मोदी सरकार देश के हर संस्थान पर हमला कर रही है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना का उद्देश्य हर नागरिक को रोजगार देना था, लेकिन आज इसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। हम सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे। किसी भी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता को डरने की जरूरत नहीं – राष्ट्रीय नेतृत्व हर कदम पर साथ खड़ा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा आज युवाओं का जोश साफ संकेत देता है कि हम सभी मिलकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ एकजुट लड़ाई लड़ेंगे। मनरेगा के 100 दिन के रोजगार की गारंटी को खत्म करने का प्रयास किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं। संसद से लेकर पंचायत तक चुनाव लड़ चुके युवाओं ने हमेशा जनता के मुद्दों को उठाया है। अब समय है कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को बताएं कि कैसे केंद्र सरकार ने मनरेगा कानून को कमजोर कर दिया है। 2028 में छत्तीसगढ़ और 2029 में केंद्र से इस 'गूंगी-बेहरी' सरकार को हटाने का लक्ष्य युवाओं को ही पूरा करना है।

आज सरगुजा से सुकमा तक, हर जिले्हर ब्लॉक से 3000 से अधिक युवा रायपुर पहुंचे हैं। सैकड़ों युवा चुनाव लड़ चुके हैं–कुछ जीते, कुछ हारे– लेकिन सभी में जनसेवा का अनुभव और संकल्प है। युवा महापंचायत सिर्फ शुरुआत है। आने वाले समय में युवा कांग्रेस मनरेगा और अन्य मुद्दों पर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन, घेराव, और पदयात्रा करने जा रही है।

राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री डॉ. शिव कुमार डेहरिया, विधायक देवेंद्र यादव, विधायक बालेश्वर साहू, विधायक रामकुमार यादव विधायक राघवेंद्र सिंह पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पूर्व महापौर एजाज डबर, नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू शहर जिला अध्यक्ष शिवकुमार मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, पूर्ण चंद पहाड़ी, महासचिव दीपक मिश्रा, आनंद सिंह सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### सिक्किम से अध्ययन भ्रमण पर आए पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# छत्तीसगढ़ को सुंदर, समृद्ध, सुरक्षित और विकसित बनाने संकल्पित होकर काम कर रही सरकार : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर प्रदेश है और धन-धान्य से पुष्पित-पल्लवित इस धरा को हमारी सरकार सुंदर, समृद्ध, सुरक्षित और विकसित बनाने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में सिक्किम राज्य से अध्ययन भ्रमण पर पहुंचे पत्रकारों के दल से मुलाकात कर आत्मीय संवाद किया और उनसे छत्तीसगढ़ को लेकर ढेर सारी बातें साझा की। उन्होंने सभी अतिथियों को राजकीय गमछा भेंट कर छत्तीसगढ़ में स्वागत और अभिवादन किया। मुख्यमंत्री की सहृदयता और आतिथ्य पाकर सभी पत्रकार अभिभूत हुए और उन्हें सिक्किम आने का निमंत्रण भी दिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ 44 प्रतिशत वन क्षेत्र से आच्छादित है तथा यहां 31 प्रतिशत आदिवासी समुदाय निवासरत है। वनोपज संग्रहण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से जनजातीय समुदाय आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। जशपुर जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाएं 'जशप्योर' ब्रांड के अंतर्गत उत्पाद तैयार कर आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए सरकार द्वारा 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है तथा चरण पादुका योजना के तहत निःशुल्क चप्पल प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह की चिंता को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2005 में इस योजना की शुरुआत की गई थी। हाल ही छह हजार से अधिक जोड़े इस योजना के अंतर्गत विवाह बंधन में बंधे, जिसे गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में भी स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत नवदंपतियों को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता एवं 15 हजार रुपये का सामग्री सहयोग प्रदान किया जाता है।

नक्सलवाद के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सफल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते प्रदेश में नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है। राज्य सरकार की आकर्षक पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 50 हजार रुपये की सहायता तथा तीन वर्षों तक प्रति माह 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। अब तक 2,500 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें रोजगार से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। श्री साय ने बताया कि जगदलपुर में आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा 'बस्तर पंडुम' कैफे का सफल संचालन इसका सशक्त उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि 'नियद नेल्ला नार' योजना के अंतर्गत 17 शासकीय योजनाओं को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया गया है, जिससे सड़क, बिजली, पानी, राशन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र अब विकास की मुख्यधारा से तेजी से जुड़ रहे हैं। पर्यटन की संभावनाओं पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। चित्रकोट जलप्रपात, कुटुम्बसर गुफाएं, अबूझमाड़ के वन और धुड़मारास जैसे स्थल प्रदेश की पहचान हैं। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु होम स्टे को उद्योग का दर्जा दिया गया है, जिसके तहत ग्रामीणों को पांच कमरों तक निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य एवं औद्योगिक विकास के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि नवा रायपुर में 100 एकड़ क्षेत्र में मेडिसिटी का निर्माण किया जा रहा है, जहां निम्न आय वर्ग के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने प्रदेश की आकर्षक नवीन औद्योगिक नीति का ज़िक्र करते हुए कहा कि इसके तहत राज्य को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। साथ ही चित्रोत्पला फिल्म सिटी की स्थापना से प्रदेश में फिल्म उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। सिक्किम की पत्रकार सुश्री अर्चना प्रधान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 'मेक इन इंडिया' का प्रभावी स्वरूप देखने को मिला। भिलाई स्टील प्लांट में रेल पटरियों सहित विभिन्न इस्पात उत्पादों का निर्माण प्रदेश के औद्योगिक सामर्थ्य को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के औद्योगिक इकाइयों को हमें करीब से देखने का मौका मिला और हम जान पाए है कि इस प्रदेश का देश के विकास में कितना महत्वपूर्ण योगदान है।

# पोस्ट ऑफिस कर्मचारी ने किया करोड़ों का फर्जीवाड़ा



- मामला - जटकन्हार पोस्ट ऑफिस का
- ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई लूट कर फरार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 फरवरी।** ग्राम पंचायत जटकन्हार स्थित पोस्ट ऑफिस में एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। यहाँ के पोस्ट मास्टर आशीष मंडावी के द्वारा लगभग 8 गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालते हुए लगभग एक करोड़ रुपये का गबन कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत ग्रामीण शीघ्र ही शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से सौंपेंगे।

**फर्जी पास बुक और फर्जी एंट्री का खेल:** ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी आशीष मंडावी पिछले 10 वर्षों से बेलगाँव, माडीतराई, कटली, धुसेरा, हरणसिंधी, नागतराई, डारागाँव और जामरी के ग्रामीणों को ठग रहा था। वह खाताधारकों को नकली पासबुक जारी करता था और उसमें जमा राशि की हाथ से एंट्री भी कर देता था, लेकिन उस राशि को विभाग के मुख्य रिकॉर्ड (सॉफ्टवेयर) में दर्ज नहीं करता था। फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीण पैसे निकालने पोस्ट ऑफिस पहुँचे। वर्तमान पोस्ट मास्टर चंद्रशेखर पटेल ने जब रिकॉर्ड चेक किया, तो कई खातों में पैसा ही नहीं मिला। इससे ग्रामीणों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें न केवल भारी आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि वे मानसिक रूप से भी टूट चुके हैं।

**जांच में मिला सबूतों का जखीरा:** विभागीय सूत्रों के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद जब विभाग ने आरोपी आशीष मंडावी के घर की तलाशी ली, तो वहां से 150 से अधिक फर्जी पासबुक बरामद की गई हैं। यह इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि घोटाला काफी बड़े स्तर पर किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी शिकायतों की बारीकी से जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ठगी के शिकार ग्रामीण आज प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग करेंगे कि आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और उनके पासबुक में दर्ज राशि उन्हें वापस दिलाई जाए।

# राजस्व शिविर में 362 में से 299 आवेदनों का स्थल पर ही निराकरण



**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को 9 क्लस्टर ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में शिविर में कुल 362 विभिन्न समस्याओं से सम्बधित आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 299 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं शेष 63 आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं एसडीएम शिविर में पहुंच कर जायजा लिये और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही विभिन्न दास्तावेजों का वितरण भी किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बलौदाबाजार में 62 आवेदन में से 57 का निराकरण किया गया। लवन में 42 में से 23, पलारी में 12 में से 1, भाटापारा में 86में से 82, सिमगा में 11में से 10आवेदन, सुहेला में 51में से 47,कसडोल 36 में से 22, टुण्ड्रा में 15 में से 10 आवेदन एवं सोनाखान में सभी 47 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

# नल-जल योजना के संचालन एवं संधारण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**बलौदाबाजार 13 फरवरी।** जनपद पंचायत भवन भाटापारा में गुरुवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नल जल योजना के संचालन एवं संधारण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव, जल समिति सदस्य एवं ऑपरेटर को नल जल योजना के प्रभावी संचालन, नियमित संधारण, जल गुणवत्ता की जांच, जल स्रोतों की सुरक्षा, मोटर-पंप एवं पाइपलाइन रखरखाव सहित अन्य तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि योजनाओं के सुचारू संचालन एवं दीर्घकालीन स्थायित्व के लिए स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही जल संरक्षण एवं जल के सदुपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें अपने-अपने ग्रामों में योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, पीएचई के सहायक अभियंता कन्हैया लाल देवांगन सब इंजीनियर संदीप लॉरेंस जिला परियोजना समन्वयक राजकुमार कोसले एवं मंजू गायकवाड़ उपस्थित रहे।




# लाभांडी से सरोना तक सर्विस लेन चौड़ीकरण को मिली मंजूरी

**रायपुर, 13 फरवरी।** रायपुरवासियों और मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग-53 का उपयोग करने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सरोना से लाभांडी के बीच सर्विस लेन के चौड़ीकरण की परियोजना को मंजूरी दे दी है। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से 14.25 किलोमीटर लम्बाई में दोनों ओर के सर्विस लेन की चौड़ाई 10-10 मीटर की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने राजधानी रायपुर की इस बहुप्रतीक्षित जरूरत के पूरा होने पर केंद्र सरकार और केन्द्रीय सड़क परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दोनों ओर के सर्विस रोड का चौड़ीकरण रायपुरवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। इससे शहर के बीच यातायात सुगम होगा, जाम की समस्या घटेगी और लोगों का समय बचेगा। शहर के भीतरी और बाहरी दोनों मार्गों पर सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात हमारी प्राथमिकता है।

राजधानी रायपुर के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के दोनों ओर के सर्विस लेन के चौड़ीकरण से लाभांडी, तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर, भाठागांव अंतरराज्यीय बस स्टैंड और सरोना जैसे हाइवे से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी इस मार्ग पर चौबीसों घंटे भारी वाहनों का दबाव रहता है, जिससे स्थानीय यातायात प्रभावित होता है और अक्सर जाम की स्थिति बनती है। सर्विस लेन की चौड़ाई दोगुनी होने से स्थानीय व्यापारियों को लोडिंग-अनलोडिंग में सहूलियत होगी। साथ ही इस मार्ग से रोजाना आना-जाना करने वाले हजारों वाहन चालकों का समय भी बचेगा। शहर के बीच क्रियान्वित होने वाली इस परियोजना में सड़क चौड़ीकरण के लिए किसी भी तरह के भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सड़क के दोनों किनारों पर एनएचएआई के पास पर्याप्त जमीन पहले से उपलब्ध है।

### विश्वविद्यालय परीक्षाओं के परिणाम घोषित

# शासकीय नेहरू कॉलेज के 11 विद्यार्थी मेरिट में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 13 फरवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। वर्ष 2025 की विश्वविद्यालय परीक्षाओं के घोषित परिणामों में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के कुल 11 विद्यार्थियों ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय, जिले एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है।



#### वनस्पति शास्त्र विभाग बना 'गौरव'

इस वर्ष वनस्पति शास्त्र विभाग ने सर्वाधिक सफलता अर्जित की। विभाग के पाँच विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जिसमें कु. भीमा ने तीसरी रैंक, कु. उमा ने चौथी, कु. रामेश्वरी एवं कु. तामेश्वरी साहू ने छटवीं तथा कु. मधु ने दसवीं रैंक प्राप्त की।

#### विभिन्न विभागों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

रसायन शास्त्र विभाग की छात्रा आदिति विजय चावके ने एम.एससी. केमिस्ट्री में छटवी रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि को विभाग की निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण माना जा रहा है। अर्थशास्त्र विभाग से योगेश कुमार लाउत्रे ने एम.ए. अर्थशास्त्र में दसवीं रैंक अर्जित कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। वहीं हिंदी विभाग की छात्रा चांदनी कंवर ने एम.ए. हिंदी साहित्य में दसवीं वीं रैंक प्राप्त कर विभाग को गौरवान्वित किया।

#### भौतिकी विभाग का शानदार प्रदर्शन

भौतिकी विभाग ने इस वर्ष विशेष उपलब्धि दर्ज की। विभाग की छात्रा अंकिता जांभुलकर ने एम.एससी. भौतिकी में तीसरी रैंक प्राप्त कर उच्च स्थान हासिल किया, जबकि नेहा देवांगन ने पांचवी रैंक अर्जित की। दोनों छात्राओं की सफलता को विभाग के निरंतर मार्गदर्शन एवं मेहनत का परिणाम बताया जा रहा है। इसकी प्रकार भूगोल विभाग की छात्रा माधुरी ने एम.ए. भूगोल में दसवी रैंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। उनकी सफलता से विभाग में गर्व का माहौल है।

#### महाविद्यालय प्रशासन ने दी बधाई

महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सहित समस्त सदस्यों एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी. रेवती ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। सम्बंधित विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह परिणाम महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित कक्षाओं एवं मार्गदर्शन का सकारात्मक प्रतिफल है।

#### कॉलेज में खुशी का माहौल

परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। गौरतलब हो कि महाविद्यालय में पहली बार एमएससी वनस्पति विज्ञान एवं रसायन शास्त्र का अध्ययन प्रारंभ हुआ है जिसमे प्रथम बैच का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा महाविद्यालय परिवार ने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम है। विद्यार्थियों की इस सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि शासकीय नेहरू पीजी कॉलेज, डोंगरगढ़ क्षेत्र में उच्च शिक्षा का एक सशक्त एवं प्रतिष्ठित केंद्र है।

# भर्रीटोला में कृषक प्रशिक्षण आयोजित

**डोंगरगढ़ 13 फरवरी।** एक्सटेंशन रिफॉर्म आत्मा योजना अंतर्गत विकासखंड डोंगरगढ के ग्राम भर्रीटोला में फार्म स्कूल कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रगति शील कृषक पलटू राम सिन्हा के खेत में 2.500 एकड़ पर रागी फसल प्रदर्शन लगाया गया है। ग्रीष्म कालीन धान के बदले रागी फसल, मक्का फसल सरसों एवं जल संरक्षण संवर्धन हेतु जानकारी दिया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमति सुनंदा गढ़पाल मैडम द्वारा रागी फसल प्रदर्शन के बारे में रागी बीज की नर्सरी तैयार करने एवं रोपाई करने, सिंचाई व्यवस्था के ऊपर जानकारी दिया गया। एटीएम श्रीमति स्वाति मेश्राम,बी. टी. एम हरीश देवहारी द्वारा विशेष रूप से रागी फसल प्रदर्शन का लाभ एवं लघु धान से होने वाली फायदे जैसे कि रागी बीज से लड्डू, रागी रोस्ट , रागी खीर एवं विभिन्न तरह के व्यंजनों के बारे मे जानकारी दिया गया।



## विश्व कप में आखिर झुकना पड़ा पाकिस्तान को

विश्वकप क्रिकेट स्पर्धा एक बड़ी स्पर्धा है। इसमें भाग लेने वाले देशों की संख्या हर चार साल में बढ़ती जा रही है क्योंकि विश्व में अब क्रिकेट खेलने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है। यह संख्या इसलिए बढ़ रही है कि अब फुटबाल के बाद क्रिकेट ही ऐसा खेल हैं जो साल भर कई देशों में खेला जाता है,इससे खिलाडिय़ों को पहले की तुलना में अब कोई वैश्विक स्पर्धा जीतने पर कई गुना ज्यादा पैसा खिलाडिय़ों के साथ देश के क्रिकेट बोर्ड को भी मिलता है। यही वजह है कि पहले जहां गिनती के देश ही क्रिकेट खेला करते थे आज उनकी 20 से ऊपर हो गई है और इस साल भारत में होने वाले विश्व कप में कुल मिलाकर 20 टीमे खेल रही हैं। इनके चार ग्रुप बनाए गए हैं। पहले मुश्किल से विश्व कप में 10 से 12 टीमें खेला करती थीं आज आठ से दस टीमें ज्यादा खेल रही हैं। इससे साफ हो जाता है कि क्रि क्रेट पहले से ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है और उसे देखने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। टीवी में पहले जितने लोग विश्वकप क्रिकेट देखते थे और मोबाइल की जमाने में उसके कई गुना ज्यादा लोग क्रिकेट देखते हैं, क्रिकेट देखने वालों की संख्या करोड़ो में हो गई है इससे क्रिकेट के आयोजन से भी अब अरबों रुपए की कमाई हो रही है। इसका फायदा हर देश के क्रिकेट खिलाडिय़ों को मिल रहा है। भारत में सबसे ज्यादा क्रिकेट देखा जाता है इसलिए भारत के क्रिकेट आयोजन में सबसे ज्यादा पैसा खर्च किया जाता है और सबसे ज्यादा कमाई भी भारत को होती है। यही वजह है आज विश्व क्रिकेट में भारत एक महाशक्ति है। उसकी बात सुनी जाती है और मानी जाती है। जिस देश को भी विश्व क्रिकेट खेलना है, उसे भारत की बात सुननी पड़ती है और माननी भी पड़ती है जो ऐसा नहीं करता है वह जानता है कि इससे भारत का कोई नुकसान नहीं होना है, उसी को नुकसान होना है। बांग्लादेश ने अपनी घरेलू राजनीति के चलते विश्व कप में खेलने से इंकार किया तो उसे ही नुकसान हुआ है क्योंकि उसे और उसके खिलाडिय़ों को जो पैसा मिलना था, वह अब नहीं मिलेगा। यही नहीं अगली बार हो सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश का बुलाया ही न जाए। इससे भी बांग्लादेश को आने वाले समय में नुकसान होगा। विश्व क्रिकेट में बांग्लदेश की कोई हैसियत नहीं है और उसने भारत पर दबाव डालकर अपनी बात मनवाने की कोशिश के चलते विश्वकप बायकाट की धमकी दी और उसने मान लिया था कि उसकी धमकी से विश्वकप का आयोजन कर रहा भारत झुक जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ भारत ने आईसीसी के माध्यम से बांग्लादेश के विश्वकप में नहीं खेलने पर उसकी जगह स्काटलैंड को खेलने का मौका दे दिया। बांग्लादेश ने सोचा था कि पाकिस्तान उसका साथ दे रहा है, पाकिस्तान भी यदि विश्वकप में भारत के साथ खेलने से मना कर देता है तो भारत पर दबाव बढ़ेगा और भारत विश्व कप के चलते झुक जाएगा और उनकी बात मानने को मजबूर हो जाएगा। हुआ क्या पाकिस्तान ने उसका पूरा साथ नहीं दिया उसने बांग्लादेश से कहा था कि वह भी विश्वकप में भारत के साथ नहीं खेलेगा लेकिन अब पाकिस्तान ने फैसला किया है कि वह 15 फरवरी को श्रीलंका में होने वाले मैच में भारत के साथ मैच खेलेगा।इससे बांग्लादेश को अब समझ आ रहा होगा कि पाकिस्तान ने उसका इस्तेमाल क्रिकेट की राजनीति में कर लिया इससे बांग्लादेश को तो करोड़ो का नुकसान हो गया। उसके खिलाड़ी जो अब तक आईपीएल में खेल कर करोड़ो रुपए कमाते थे वह भी अब बंद हो गया है। पाकिस्तान की भी भारत के सामने आज कोई हैसियत नहीं रह गई है। क्योंकि पाकिस्तान के अंदरूनी हालत के कारण कोई देश पाकिस्तान जाकर क्रिकेट नहीं खेलता है इससे पाकिस्तान बोर्ड व उसके खिलाडियों की कमाई बहुत कम हो गई है। उसके मुकाबले में भारत पिछले एक दो दशक में क्रिकेट में बहुत बड़ी ताकत बन गया है। उसके पास विश्व की सबसे मजबूत क्रिकेट व्यवस्था है, जिससे हर साल एक से एक नए प्रतिभावान खिलाड़ी निकल रहे हैं, विश्वकप जीत रहे हैं चाहे महिला हो या पुरुष विश्वकप वह भारत के खिलाड़ी जीत रहे हैं। वहीं पाकिस्तान चाहता है कि भारत पहले की तरह उसके साथ क्रिकेट खेले लेकिन उसकी घरेलू राजनीति के कारण आज ऐसा होना संभव नहीं है, यही वजह है भारत व पाकिस्तान के बीच मैच बहुत कम हो गए हैं। इसका नुकसान पाकिस्तान को हुआ है।

### विश्लेषण

# कोचिंग संस्कृति और बच्चों की मौतें: सफलता के नाम पर असफल समाज

**डॉ० प्रियंका सौरभ**



कोटा में एक और छात्रा की आत्महत्या—यह कोई साधारण खबर नहीं है और न ही किसी एक परिवार की निजी त्रासदी भर। यह उस शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक मानसिकता और तथाकथित "सफलता मॉडल" पर गहरा प्रश्नचिह्न है, जिसे हमने पिछले दो दशकों में बिना सवाल किए स्वीकार कर लिया है। आत्महत्या करने वाली छात्रा कृति का सुसाइड नोट केवल व्यक्तिगत पीड़ा का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि वह एक आरोपपत्र की तरह हमारे पूरे समाज के सामने खड़ा होता है—माता-पिता, कोचिंग संस्थान, स्कूल और नीति-निर्माता सभी इसके दायरे में आते हैं। कृति ने अपने सुसाइड नोट में भारत सरकार और मानव संसाधन मंत्रालय से अपील की थी कि अगर वे सच में चाहते हैं कि कोई बच्चा न मरे, तो कोचिंग संस्थानों को जल्द से जल्द बंद कर देना चाहिए, क्योंकि ये संस्थान छात्रों को भीतर से खोखला कर देते हैं। यह कथन किसी क्षणिक आवेग का परिणाम नहीं था, बल्कि उस लंबे मानसिक उत्पीड़न की अभिव्यक्ति थी, जिसे आज लाखों छात्र रोज़ झेल रहे हैं। असली सवाल यह नहीं है कि कृति ने ऐसा क्यों लिखा, बल्कि यह है कि क्या वह ग़लत थी। आज भारत में कोचिंग शिक्षा का सहायक माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि एक विशाल और मुनाफ़े पर आधारित उद्योग बन चुकी है। कोटा, सीकर, हैदराबाद, दिल्ली और पटना जैसे शहर "एजुकेशन हब" कहलाते हैं, जहाँ हर साल लाखों किशोर अपने माता-पिता के सपनों का बोझ उठाए पहुँचते हैं। इन सपनों के केंद्र में कुछ सीमित शब्द होते हैं—आईआईटी, एम्स, नीट, रैंक और सेलेक्शन। कोचिंग संस्थान बच्चों को यह यक़ीन दिलाते हैं कि यदि वे चयनित नहीं हुए, तो वे असफल हैं। सफलता की यह परिभाषा इतनी संकीर्ण है कि उसमें औसत छात्र के लिए कोई जगह नहीं बचती, और असफलता से उबरने की कोई मानवीय प्रक्रिया भी नहीं होती। कृति का यह कथन कि "90+ अंक लाने वाली लड़की भी आत्महत्या कर सकती है" हमारे उस भ्रम को तोड़ता है, जिसमें हम यह मान लेते हैं कि मानसिक संकट केवल कमजोर या असफल छात्रों तक सीमित है। यह सोच न सिर्फ़ ग़लत है, बल्कि ख़तरनाक भी है। आज का दबाव केवल परीक्षा पास करने या अच्छे अंक लाने का नहीं रह गया है, बल्कि माता-पिता, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का बन गया है। हर बच्चा अपने भीतर एक काल्पनिक 'परफेक्ट स्टूडेंट' की छवि ढो रहा है, जिससे वह लगातार हारता चला जाता है। ऊँचे अंक और बेहतर प्रदर्शन भी अब मानसिक शांति की गारंटी नहीं रहे, क्योंकि समस्या पढ़ाई की नहीं, बल्कि उस माहौल की है जिसमें पढ़ाई कराई जा रही है।

कृति द्वारा अपनी माँ के लिए लिखी गई पंक्तियाँ इस पूरे संकट की जड़ को उजागर करती हैं। वह बताती है कि उसे विज्ञान पसंद करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि उसकी




वास्तविक रुचि अंग्रेज़ी साहित्य और इतिहास में थी। यह कहानी किसी एक घर तक सीमित नहीं है। यह देश के हज़ारों, बल्कि लाखों घरों की सच्चाई है, जहाँ बच्चे की रुचि से ज़्यादा समाज की अपेक्षा मायने रखती है। माता-पिता अक्सर यह भूल जाते हैं कि बच्चा उनकी अधूरी महत्वाकांक्षाओं का विस्तार नहीं है, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है। सामाजिक तुलना—कि फलाँ का बेटा डॉक्टर बन गया या फलाँ की बेटी आईआईटी में पहुँच गई—हमें इतना अंधा कर देती है कि हम बच्चों की इच्छाओं, क्षमताओं और सीमाओं को अनदेखा कर देते हैं।

कृति ने अपनी छोटी बहन को लेकर जो चेतावनी दी, वह इस सुसाइड नोट को और भी मार्मिक बना देती है। वह चाहती है कि उसकी बहन को वही पढ़ने दिया जाए, जो वह पढ़ना चाहती है, और वही बनने दिया जाए, जो वह बनना चाहती है। यह विडंबना है कि मरते समय भी वह किसी और की ज़िंदगी बचाने की कोशिश कर रही थी। यह चेतावनी केवल एक माँ के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए है, जो बच्चों को सुनने के बजाय उन पर अपने सपने थोपता है।

आज के स्कूल और कोचिंग संस्थान बच्चों को गणित के सूत्र, रसायन के समीकरण और प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीतियाँ तो सिखा रहे हैं, लेकिन जीवन के सबसे ज़रूरी पाठ सिखाने में पूरी तरह असफल हो रहे हैं। वे बच्चों को यह नहीं सिखा पा रहे कि असफलता से कैसे निपटना है, मानसिक तनाव को कैसे समझना है और मदद माँगना कमजोरी नहीं है। प्रतिस्पर्धा को प्रेरणा के बजाय भय का औज़ार बना दिया गया है। रैंक लिस्ट, मॉक टेस्ट और लगातार तुलना बच्चों के मन में स्थायी हीनभावना भर देती है, जिससे वे खुद को केवल अंकों और चयन के चश्मे से देखने लगते हैं। हर ऐसी मौत के बाद सरकार की ओर से औपचारिक बयान आते हैं, जाँच के आदेश दिए जाते हैं और कुछ दिनों तक बहस चलती है। इसके बाद सब कुछ फिर सामान्य हो जाता है। न कोचिंग संस्थानों के कामकाज पर सख़्त निगरानी होती है, न उनके घंटे सीमित किए जाते हैं, न मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाता है। यदि सरकार सच में गंभीर है, तो कोचिंग उद्योग के लिए सख़्त नियमन, छात्रों के लिए सुलभ मानसिक स्वास्थ्य सहायता और स्कूल स्तर पर करियर की विविध संभावनाओं को स्वीकार करने की ठोस नीति बनानी होगी। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि हम सफलता को किस रूप में परिभाषित करते हैं। क्या एक अच्छा इंसान बनना, मानसिक रूप से स्वस्थ रहना और अपनी रुचि के क्षेत्र में संतुष्ट जीवन जीना सफलता नहीं है? यदि नहीं, तो हम एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जो चयनित तो होगी, लेकिन भीतर से टूटी हुई और असंतुष्ट होगी। कृति की मौत हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि कहीं हम अपने बच्चों को ज़िंदा रहते हुए ही तो नहीं मार रहे—उनकी इच्छाओं को, उनके सपनों को और उनकी स्वतंत्रता को। कृति का सुसाइड नोट केवल एक छात्रा की अंतिम अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है। अगर अब भी हमने नहीं सुना, नहीं समझा और नहीं बदले, तो ऐसी घटनाएँ रुकने वाली नहीं हैं। सवाल यह नहीं है कि अगला बच्चा कौन होगा। असली सवाल यह है कि क्या हम अगले बच्चे को बचा पाएँगे।

## राशिफल

मेष राशि- आज का दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीचसामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं, इससे आपको आनंद की प्राप्ति होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा।

वृष राशि- आज का दिन सामजिक कार्यों में लगा रहेगा। समाजिक सुधार के कारण आपके पड़ोसी आपकी तारीफ कर सकते है और साथ ही आपका पूरा साथ देंगे। घर में लक्ष्मी के रुप में नए मेहमान के आने की खुशी में घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

मिथुन राशि- आज का दिन धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। धर्म के सिलसिले में किसी पंडाल में भी जा सकते है। कला के क्षेत्र में रुझान वालों के लिए आज का दिन रोमांचक रहने वाला है। किसी बड़ी ऑर्गनाइजेशन की तरफ से आपके कला को सबके सामने प्रस्तुत कर सकते है। जिससे आपकी बहुत ज्यादा तारीफ हो सकती है। व्यवसाय के सिलसिले में आज आपको अच्छे ऑफर आ सकते है।

कर्क राशि- आज का दिन बेहतरीन होगा। परिवारिक सामंजस्य बना रहेगा। आज आपका भाग्य आपका पूरा साथ देगा।आज आप अपने बचपन के दोस्त के साथ किसी लंबे टूर पर जा सकते हो। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है। बेरोजगारों को आज नौकरी मिलने का योग बन रहा है। इस राशि वालों के आज रुके हुए सारे काम हो जाएंगे।

सिंह राशि- आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर आने का योग बन रहा है। आपके व्यापार में दो गुना वृद्दि होने के चांस बन रहे है। आज परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। लवमेट वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके परिवार के बीच आपके रिश्तों की बात हो सकती है। जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

कन्या राशि- आज का दिन किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आपके सारे काम आसानी से हो जाएंगे। संगीत में रुझान वालों के लिए आज के दिन किसी बड़े शो में गाने का ऑफर आ सकता है। आज आप अपने स्कूलमेट दोस्तों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकता है। पूरा दिन काफी इंज्वाय फूल रहेगा। साथ ही किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हो।

तुला राशि- आज का दिन लॉ के स्टूडेंट्स के लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को आज सीनियर्स की मदद से पूरा करने से आपके अच्छे मार्कस प्राप्त हो सकते है। आज पेरेंट्स को अपने बच्चों के खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। इस राशि के कर्मचारियों के लिए आज दिन अच्छा है।शाम को परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मीठा खाने से जीवन में मिठास बढ़ेगी। सोसाइटी में आज आपको पहले किए किसी सामाजिक कार्य के लिए सम्मान मिल सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन लवमेट वालों के लिए खुशनुमा रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम में आ रही बाधाएं आज खत्म हो जाएंगी। विवाहित आज जीवनसाथी से ऐसा वादा न करें जो वे पूरा न कर सकें। इससे आप दोनों के रिश्ते में खटास आ सकती है। इंजीनियरिंग करने वालें छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि-आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इक्` में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। ऑफिस में आज एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम जल्दी पूरा हो जाएगा। जिससे खुश होकर बॉस आपकी पीठ थपथपा सकते हैं। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें।

मकर राशि- आज का दिन पूरा समय परिवार वालों के साथ बीतेगा। परिवार वालों के साथ रात को बाहर डिनर पर भी जा सकते हैं। आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं , जिससे आपको आपके बिजनेस में काफी फायदा होने वाला है। काम-धंधे में आज आपका मन लगेगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए आज पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो आज खरीद सकते हैं। इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा। उसका अच्छा परिणाम आपको जरूर मिलेगा। आज स्टूडेंट के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वालों के लिए आज के दिन परिश्रम का अच्छा फल मिल सकता है।

मीन राशि- आज का दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप उपयोगी वस्तु आज गिफ्ट कर सकते हैं। स्टूडेंट को आज अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए टाइम-टेबल मेंचेंजेस करने की जरूरत है। आज आपके बच्चे आपको गर्व महसूस करवा सकते है। जिससे समाज में आपका मान- सम्मान बढ़ेगा। प्राइवेट ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है।

## सू- दोकू क्र.315

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.314 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -315

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 314 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

### राजनीति

# योगी के बजट से 2027 की बिसात और आंकड़ों के सहारे सियासी दांव

**अजय कुमार,**



उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट केवल अगले वित्त वर्ष की आय-व्यय योजना नहीं है, बल्कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव की सबसे ठोस राजनीतिक पटकथा के रूप में देखा जा रहा है। 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये के इस बजट के जरिए सरकार ने यह साफ संकेत दिया है कि वह चुनाव से पहले विकास, सुरक्षा और कल्याण तीनों मोर्चों पर अपने दावों को आंकड़ों के साथ जमीन पर उतारकर पेश करना चाहती है। पिछले बजट के मुकाबले करीब 12.9 प्रतिशत बढ़े इस आकार को सत्ता पक्ष "विश्वास का बजट" बता रहा है, जबकि इसके भीतर छिपा राजनीतिक संदेश यह है कि सरकार न तो संसाधनों की कमी से जूझ रही है और न ही चुनाव से पहले खर्च बढ़ाने से पीछे हट रही है। सरकार ने सबसे पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपने मजबूत पक्ष के रूप में सामने रखा है। 2024-25 के त्वरित अनुमान के अनुसार 30.25 लाख करोड़ रुपये की जीएसडीपी और 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दिखाने की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या वाला राज्य नहीं, बल्कि तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। 2016-17 में जहां जीएसडीपी करीब 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं आठ-नौ वर्षों में इसके ढाई गुना से अधिक होने को सरकार स्थिर शासन और निवेश के अनुकूल माहौल का नतीजा बता रही है। 2027 के चुनाव में यह आंकड़ा खासतौर पर शहरी मतदाताओं, कारोबारियों और निवेश से जुड़े वर्गों के सामने रखा जाएगा, ताकि यह संदेश जाए कि सत्ता में बदलाव विकास की रफ्तार को रोक सकता है। प्रति व्यक्ति आय को लेकर दिए गए आंकड़े भी इसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। 2016-17 में 54,564 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय के 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये होने और 2025-26 में इसके 1,20,000 रुपये तक पहुंचने के अनुमान को सरकार आम आदमी की जिंदगी से जोड़कर पेश कर रही है। यह संदेश खास तौर पर मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लिए है, जो महंगाई, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य खर्च को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहता है। सरकार का दावा है कि आय बढ़ने का मतलब सिर्फ आंकड़ों में सुधार नहीं, बल्कि उपभोग और जीवन स्तर में बदलाव है। गरीबी के मोर्चे पर 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा 2027 के लिहाज से सबसे बड़ा सामाजिक कार्ड माना जा रहा है। मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, शौचालय और बिजली कनेक्शन जैसी योजनाओं से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों को एक साथ रखकर सरकार यह दिखाना चाहती है कि गरीब सिर्फ योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति का केंद्र है।



चुनावी रणनीति में यह वर्ग इसलिए अहम है क्योंकि यह सीधे सरकार से जुड़ाव महसूस करता है और उसके फैसले अक्सर स्थिर रहते हैं। रोजगार को लेकर बजट में पेश किए गए आंकड़े विपक्ष के सबसे मजबूत मुद्दे का जवाब माने जा रहे हैं। बेरोजगारी दर 2.24 प्रतिशत बताकर सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में रोजगार की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। पुलिस विभाग में 2017 से अब तक 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां, 1 लाख 58 हजार पदोन्नतियां, 60 हजार से ज्यादा प्रशिक्षणाधीन जवान और 83 हजार से अधिक पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को एक साथ जोड़कर सरकार यह दिखाना चाहती है कि सरकारी नौकरियां सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा क्षेत्र में 34 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति भी इसी दिशा में रखा गया कदम है, क्योंकि शिक्षक समुदाय ग्रामीण और कस्बाई राजनीति में राय बनाने की अहम भूमिका निभाता है। युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति भी बजट में साफ दिखती है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बिना गारंटी और बिना ब्याज ऋण देकर हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका राजनीतिक मतलब यह है कि सरकार उन युवाओं को भी साधना चाहती है, जिन्हें सरकारी नौकरी की सीमित सीटों से निराशा हुई है। अगर यह योजना आंशिक रूप से भी सफल होती है, तो 2027 तक लाखों परिवार सीधे इससे जुड़ सकते हैं। कृषि क्षेत्र के आंकड़े ग्रामीण राजनीति को ध्यान में रखकर चुने गए हैं। 3 लाख 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र में सरकार का सबसे मजबूत चुनावी हथियार माना जा रहा है। गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी से करीब 3000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त लाभ का दावा किसानों को यह याद दिलाने के लिए है कि भुगतान सीधे खाते में पहुंचा है। गेहूं, धान और मोटे अनाज की लाखों मीट्रिक टन खरीद और हजारों करोड़ रुपये के भुगतान के आंकड़े न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दिखाने की कोशिश हैं। नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली की व्यवस्था ग्रामीण मतदाताओं के लिए सीधा संदेश है कि सिंचाई लागत सरकार उठाने को तैयार है। महिलाओं को लेकर बजट में दिए गए आंकड़े 2022 के चुनावी अनुभव से निकले हुए माने जा रहे हैं, जहां महिला मतदाताओं का झुकाव निर्णायक साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ, सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और वर्किंग वूमेन हॉस्टल जैसे प्रावधान यह दिखाते हैं कि सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान को केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा मानती है। महिला मतदाता भावनात्मक और व्यावहारिक दोनों आधारों पर निर्णय करती हैं, और बजट में यह संदेश उसी दिशा में जाता है।

कानून-व्यवस्था से जुड़े आंकड़े भी 2027 की चुनावी कहानी का अहम हिस्सा हैं। डकैती, लूट, हत्या और अपहरण जैसे अपराधों में 40 से 80 प्रतिशत तक कमी के दावे के जरिए सरकार यह स्थापित करना चाहती है कि उत्तर प्रदेश अब पहले जैसा असुरक्षित नहीं है। पुलिस भवनों, आवास और संसाधनों पर हजारों करोड़ रुपये के प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सुरक्षा ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। यह संदेश शहरी मतदाताओं, व्यापारियों और महिलाओं के लिए खास तौर पर अहम है। कुल मिलाकर 2026-27 का बजट एक ऐसा दस्तावेज बनकर सामने आया है, जिसमें हर बड़ा आंकड़ा 2027 के मतदाता को ध्यान में रखकर चुना गया है। विकास, कल्याण, सुरक्षा और पहचान चारों को जोड़कर सरकार ने यह दिखाने की कोशिश की है कि सत्ता की निरंतरता ही स्थिरता की गारंटी है। आने वाले महीनों में यही बजट गांव-गांव, शहर-शहर होने वाली राजनीतिक बहसों का आधार बनेगा, जहां सरकार इन आंकड़ों के सहारे भरोसा मांगेगी और विपक्ष इन्हीं आंकड़ों को चुनौती देने की कोशिश करेगा।

## एक नजर

### कलेक्टर ने कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया

**जगदलपुर 13 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने गुरुवार को तोकापाल विकासखंड के दौरा निरीक्षण के दौरान तोकापाल के प्री एवं पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से चर्चा कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही छात्राओं से संवाद कर उनके भविष्य की योजनाओं पर मार्गदर्शन दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अधिक से अधिक समय पढ़ाई को दें, पढ़ाई के साथ ही एक जागरूक नागरिक बनने के लिए आत्मनिर्भर व्यक्ति बनें और टीम भावना से काम करने की क्षमता का विकास करें। भविष्य में क्या बनना है इस हेतु अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए कक्षा नवमीं से बारहवीं तक प्रारंभिक तैयारियां कर लिया जाना चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रतीक जैन, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत भी उपस्थित रहे । कलेक्टर श्री छिकारा ने छात्रावास परिसर, भोजन व्यवस्था, डाइनिंग हॉल, अध्ययन कक्ष, हेल्थ कैम्प, खेल सामग्री, शिक्षकों की उपस्थिति एवं छात्रावास हेतु प्राप्त सामग्रियों का पंजी संधारण का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं से उनकी पढ़ाई और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में खुलकर बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक सुधार शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द ही नए भवन में छात्रावास को संचालित करें, जिसमें लाइब्रेरी और कम्प्यूटर की व्यवस्था हो, छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर श्री छिकारा ने किलेपाल के सेजस स्कूल में अपार आईडी के प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने छात्रों के अपार आईडी पंजीयन में आ रही दिक्कतों का संज्ञान लेते हुए उनको दूर करने के संबंध में सीईओ जिला पंचायत श्री जैन से चर्चा की ।

### प्रभारी सचिव ने बिहान बाजार एवं बिहान कैंटीन का किया शुभारंभ

**धमतरी, 13 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रभारी सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज विकासखंड धमतरी के ग्राम संबलपुर में बिहान योजना अंतर्गत नवनिर्मित आजीविका सेवा केंद्र, बिहान बाजार एवं बिहान कैंटीन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती आबिदी ने कहा कि बिहान योजना राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। आज प्रारंभ हुए ये केंद्र न केवल महिलाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराएंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर उत्पादन, विपणन एवं सेवा सुविधाओं को भी सुदृढ़ करेंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बिहान अंतर्गत संचालित आजीविका सेवा केंद्र संबलपुर में उपलब्ध सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली तथा पशु सखी प्रशिक्षण एवं अन्य कौशल विकास गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समूहों द्वारा संचालित विविध आयमूलक गतिविधियों जैसे दुग्ध उत्पादन, लघु व्यवसाय, खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि आधारित उद्यम की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं अब परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### शम्मी आबिदी ने विभिन्न विकास कार्यों एवं गतिविधियों का किया निरीक्षण

**धमतरी, 13 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज धमतरी प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों एवं संचालित गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डांडेसरा-छाती में मखाना खेती का निरीक्षण करते हुए प्रभारी सचिव ने कृषि आधारित नवाचार की सराहना की। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को इस गतिविधि से जोड़कर आयवृद्धि एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नवाचारी पहलें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगी।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद ने छत्तीसगढ़ की आम हड़ताल का किया समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 13 फरवरी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला दंतेवाड़ा के जिला सचिव जितेंद्र सोरी ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार 44 श्रम कानून को चार श्रम संहिता में बदल दी है। वह कागज पर कानून है जमीन पर, ठेका, डर, छंटनी और चुप्पी का जाल है। सोरी ने

देशभर की किसानों, खेत मज़दूरों, महिलाओं और मेहनतकश जनता से आह्वान किया है कि 12 फ़रवरी 2026 को प्रस्तावित आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीपीआई मजदूरों, किसानों और ग्रामीण महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस जनविरोधी फैसलों के ख़िलाफ़संघर्ष में शामिल रहेगी। श्री सोरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने एकतरफा रूप से 21 जनवरी 2025 से चार श्रम संहिताओं को लागू करने का फैसला लिया है। यह करोड़ों संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए एक बड़ा झटका है। व्यवहार में ये चार श्रम संहिताएं भारत की मजदूर वर्ग के हाथों में बेड़ियां बनकर काम करेंगी।

भारत के मजदूर वर्ग ने एक सदी से अधिक समय तक ब्रिटिश साम्राज्यवादियों, विदेशी और देशी पूंजीपतियों के खिलाफसंघर्ष किया और अपनी कुर्बानियों से श्रम कानून हासिल किए।

मजदूरों ने गिरफ्तारियां, पुलिस फायरिंग, जेल और अंडमान की काला पानी की सजा सहन की। मेरठ षड्यंत्र जैसे झूठे मुकदमे झेले। कई मजदूर नेता और कार्यकर्ता गोलियां खाकर शहीद हुए। इन वीरतापूर्ण संघर्षों के फलस्वरूप लगभग 100 श्रम कानून बने। इनमें से हाल तक 44 कानून लागू थे, लेकिन अब चार श्रम संहिताओं के कारण 29 मूल्यवान श्रम कानून निरस्त हो जाएंगे। अब ट्रेड यूनियन रजिस्टर करने के लिए 10 प्रतिशत कर्मचारियों या न्यूनतम 100 कर्मचारियों का समर्थन जरूरी होगा, जबकि पहले सिर्फ सात हस्ताक्षर काफी थे।पहले औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत मजदूर-मालिक के बीच विवाद सुलझते थे, अब औद्योगिक संबंध संहिता लाई जा रही है। इसमें हड़ताल का अधिकार और सामूहिक सौदेबाजी हड़ताल का अधिकार सीमित कर दिया गया है। एक दिन की हड़ताल पर 8 दिन की मजदूरी कटेगी। यूनियन का रजिस्ट्रेशन ÷उकसावे÷ के आरोप में रद्द किया जा सकता है, कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा सकता है। मालिक हड़ताल से हुए नुकसान के लिए सिविल मुकदमा कर सकते हैं, पहले ऐसा नहीं था। हड़ताल के लिए पहले 14 दिन का नोटिस काफी था, अब 60 दिन का नोटिस जरूरी है। अगर 50वें दिन मालिक बातचीत शुरू कर दे तो हड़ताल नहीं हो सकती। बातचीत फेल होने पर फिर 60 दिन का नोटिस देना पड़ेगा। इससे मजदूरों में बेचैनी बढ़ेगी और उत्पादकता व विकास पर असर पड़ेगा।

पहले 10 तारीख तक वेतन न देने पर जेल हो सकती थी, अब सिर्फ जुर्माना होगा। कर्मचारी मुआवजा अधिनियम खत्म हो जाएगा। सुरक्षा मानक की कोई गारंटी नहीं। मालिक की गलती पर भी मामूली जुर्माना। श्रम कल्याण बोर्ड खत्म हो जाएंगे। ÷ईज ऑफ डूइंग बिजनेस÷ के नाम पर कॉरपोरेट हित और मजबूत होंगे। खासकर प्रवासी मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे क्योंकि मौजूदा अधिकार और कल्याण कानून लागू ही नहीं हो रहे, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना हो रही है। न्यूनतम वेतन केंद्र तय करेगा, राज्य उसका पालन करेंगे। भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशें, विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देश, सुप्रीम कोर्ट के फैसले, विशेषज्ञ वेतन समितियों के निर्णय–सभी को नजरअंदाज किया जा रहा है। न्यूनतम वेतन गणना का आधार ही परिभाषित नहीं है, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल है। ठेका और आउटसोर्सिंग क्षेत्र के मालिकों की भविष्य में जवाबदेही संदिग्ध है। अप्रेंटिस रखकर स्टाइपेंड देकर सस्ते में काम लिया जाएगा। जल्द ही 60 या 62 साल की सेवानिवृत्ति आयु भी जरूरी नहीं रहेगी। फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट होगा, नौकरी की कोई सुरक्षा नहीं। नौकरी की सुरक्षा नहीं तो एक साल की नौकरी पर ग्रेच्युटी, ईपीएफ, ईएसआई का वादा खोखला है। छोटेड्ढमध्यम उद्योग भारत के औद्योगिक आधार का 70 प्रतिशत हैं। पहले 100 मजदूरों वाली इकाई बंद करने या छंटनी के लिए सरकारी अनुमति जरूरी थी। अब यह सीमा 300 कर दी गई है। 300 से कम मजदूरों वाली फैक्ट्रियों को अब छंटनी या बंद करने के लिए सरकारी अनुमति नहीं चाहिए। पहले बहुमत यूनियन को मान्यता मिलती थी, अब 51 प्रतिशत कर्मचारियों वाली यूनियन को ही मान्यता मिलेगी। मजदूरों की सौदेबाजी की ताकत खत्म हो जाएगी।

**नगर पालिका दंतेवाड़ा में सीएमओ एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बढ़ा टकराव**

# नाली पर लग रहे अवैध गुमटी को सीएमओ ने हटवाया तो नपा अध्यक्ष ने फिर से रखवा दिया







■ **सीएमओ पर अध्यक्ष उपाध्यक्ष नियम विरूद्ध काम करने बनाते हैं दबाव**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 13फरवरी।** नगर पालिका दंतेवाड़ा की ग्रहदशा इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रही है। पालिका पर साढेसाती एवं ढैया का साया पड़ गया है। यहां पालिका के सीएमओ और जनप्रतिनिधि की ही आपस में नहीं बन रही है ऐसे में बड़ा सवाल यह कि शहरवासियों की समस्या का समाधान कौन करेगा? आम जनता के दुख तकलीफ को दरकिनार कर पालिका अध्यक्ष/उपाध्यक्ष अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। जनता के प्रति जवाबदेह जनप्रतिनिधि स्वंय ही नालियों पर सड़कों पर यहां तक की फूटपाथों एवं कई वार्डो में अतिक्रमण करवाने में लगे हुए हैं। सीएमओ की सलाह को भी नहीं मान रहे और अतिक्रमणकारियों के पक्ष में खड़े होकर सीधे तौर पर खुला समर्थन कर रहे हैं।

शहर के व्यस्ततम चौक पर नाली के उपर ठेले हटवाने एवं लगवाने का मामला अब तुल पकड़ता जा रहा है। सीएमओ और पालिका अध्यक्ष के बीच इसको लेकर तलवारें खींच गई है। सीएमओ अतिक्रमण पर कारवाई करना चाहते हैं वहीं अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष खुलकर अतिक्रमण करने वालों के पक्ष में उनके समर्थन में खड़े हो गए हैं। नगर पालिका में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा ये हम इसलिए कह रहे हैं कि बीते दिनों एक व्यक्ति ने जनहित के मुददे को ध्यान में रखकर पालिका सीएमओ को एक लिखित शिकायत करते गायत्री मंदिर चौक पर सड़क/नालियों के उपर लग रहे ठेले/गुमटियों को हटवाने का आग्रह किया था। गायत्री मंदिर चौक एक व्यस्ततम चौक हैं यहां से हर रोज भारी वाहनों की आवाजागी होती है साथ ही चौक पर ही बच्चों की स्कूल एवं मंदिर इत्यादि होने से इस चौराहे पर काफी रश लगा रहता है। ऐसे में नाली एव सडक पर ठेले गुमटी लगने से यातायात भी बाधित होती है और हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसलिए चौक से ठेले गुमटियों को हटाया जाए यह मांग की गई थी। मांग उचित एवं जनहित में होने से पालिका सीएमओ ने नोटिस जारी कर ठेले को हटवा दिया था। वहीं दुसरी ओर ठेले को हटवाए जाने से अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा सीएमओ पर बिफर पड़े उनका कहना था कि हम जनप्रतिनिधियों से सलाह लिए बिना सीएमओ कैसे कारवाई कर सकते हैं। बस फिर क्या था इस मुददे को अपने इगो से जोड़कर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बगैर सीएमओ को विश्वास में लिए कारवाई कर हटाए गए ठेले को गुरूवार की सुबह उठवाकर पुनः उसी स्थान पर नाली के उपर लाकर रखवा दिया जहां से ठेला सीएमओ ने हटवाया था। अब पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष का यह कृत्य नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग दबी जुबां यह कह रहे हैं कि लोगों ने इन्हें नालियों पर सड़कों पर या फिर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण रोकने के लिए जीतवाया था या फिर अतिक्रमण को समर्थन व बढ़ावा देने के लिए? चौक पर नालियों के उपर ठेले रखवाने का मामला अब कलेक्टर तक पहुंच चुका है। देखने वाली बात होगी कि कलेक्टर इस मामले में क्या आदेश जारी करते हैं। वैसे मामला जनहित से जुड़ा मुददा था वहीं सत्ता के नशे में चूर पालिका के चुने हुए जनप्रतिनिधि इसे अपना पर्सनल इगो बना लिए हैं और उस काम को कर रहे हैं जो उन्हें नियमतः नहीं करना चाहिए। पालिका के अपने ही सीएमओ से टकराव सही नहीं है इसका सीधा असर आम टैक्सपेयर जनता पर पड़ेगा। यहां जनप्रतिनिधि नगर विकास में सहायक बनना छोड़ नियम के विरूद्ध जाकर स्वयं अतिक्रमण करवा रहे हैं जो पुरी तरह से असंवैधानिक एवं नगरपालिका नियम के विरूद्ध है।

# बंकेपारा आंगनवाड़ी केंद्र में कलेक्टर ने लिया वजन त्यौहार के तहत पोषण स्तर का जायजा

**जगदलपुर, 13 फरवरी।** जिले के मुखिया जब जनता के बीच पहुँचकर उनके दुख-सुख और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हैं, तो प्रशासन के प्रति विश्वास और गहरा हो जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को कोड़ेनार के बंकेपारा में देखने को मिला, जहाँ कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने न केवल प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी कीं, बल्कि एक अभिभावक की तरह बच्चों के बीच समय बिताया। कलेक्टर श्री छिकारा ने आँगनबाड़ी केंद्र में स्वयं बच्चों के पास जाकर उनका वजन त्यौहार के तहत बच्चों का वजन लिया, उनका कद नापा और पोषण स्तर की माप भी लिया। इस प्रक्रिया के दौरान वे पूरी तरह बच्चों के साथ



रमे नजर आए। प्रशासनिक प्रोटोकॉल की परवाह न करते हुए वे बच्चों के साथ जमीन पर ही बैठ गए और उनसे आत्मीय बातचीत शुरू कर दी। कलेक्टर को अपने इतने करीब पाकर बच्चे भी उत्साहित दिखे, जिसकी खुशी तब दोगुनी हो गई जब श्री छिकारा ने उन्हें टॉफियां बांटीं। संवाद का यह सिलसिला केवल बच्चों तक ही सीमित नहीं रहा। कलेक्टर ने केंद्र में उपस्थित गर्भवती माताओं और किशोरी बालिकाओं से भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी और पोषण योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। श्री छिकारा ने हितग्राहियों से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है या नहीं, और इस संबंध में उनकी सीधी प्रतिक्रिया ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि पोषण आहार और स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

### प्रभारी सचिव ने जी-जामगांव आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**धमतरी, 13 फरवरी ।** सचिव, महिला एवं बाल विकास तथा जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज प्रातः धमतरी जिले के ग्राम जी-जामगांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा. मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम कुरूद श्री नभ सिंह कोसले,सहित महिला एवं बाल विकास, अधिकारी उपस्थित थे । प्रभारी सचिव सर्वप्रथम आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचीं और बच्चों की उपस्थिति, पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं केंद्र के समुचित रखरखाव का बारीकी से अवलोकन किया।

**होली से पहले किसानों को बड़ी सौगात**

## साय सरकार देगी 10 हजार करोड़ की अंतर की राशिः मनीष पारख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 13 फरवरी।** माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का स्वागत करते हुए भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान करने का निर्णय ऐतिहासिक एवं किसान हितैषी बताया है। प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया था, वह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप पूरा हो रहा है। किसानों को मिल रही यह सौगात वास्तव में मोदी की गारंटी की गारंटी है। प्रदेश की साय सरकार किसानों के समृद्ध भविष्य और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का भुगतान होली से पहले एकमुश्त किया जाना किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। समय पर बोनस और अंतर की राशि का भुगतान कर साय सरकार ने भरोसे की नई मिसाल कायम की है। यह निर्णय दर्शाता है कि सरकार का सुशासन केवल कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। प्रदेश सह संयोजक मनीष पारख ने आगे कहा कि किसानों के पास राशि पहुंचने से वे होली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार को हर्षोल्लास से मना सकेंगे साथ ही, जब किसानों के हाथ में पैसा आएगा तो बाजार में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिसका सीधा लाभ व्यापारियों, लघु उद्योगों एवं उनके कर्मचारियों को मिलेगा। इस प्रकार यह निर्णय प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला सिद्ध होगा और इसका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ समस्त छत्तीसगढ़वासियों को प्राप्त होगा। इस निर्णय के लिए पारख ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों का आभार व्यक्त कर किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कलेक्टर आकाश छिकारा ने किया बड़े किलेपाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 फरवरी।** स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रभागों जैसे बाह्य रोगी विभाग, दवा वितरण केंद्र, प्रसव कक्ष और भंडार कक्ष का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चिकित्सकों और पैरामैडिकल स्टाफ की रोस्टर अनुसार ड्युटी चार्ट का प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने सहित सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का भी दौरा किया और वहां मौजूद बच्चों के स्वास्थ्य तथा उन्हे दी जा रही पोषण आहार एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने प्रसव कक्ष में व्यवस्था को बेहतर करने सहित विभिन्न बीमारियों की आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से आत्मीय चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि क्षेत्र के कई ग्रामीणों के पास राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, जिसकी वजह से उनके आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और वे मुफ्त इलाज की सुविधा से वंचित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड तत्परता से बनाए जाएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु आयुष्मान योजना का सीधा लाभ मिल सके। इसी कड़ी में उन्होंने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति जांचने के उद्देश्य से आभा कार्ड के निर्माण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने खाई फाइलेरिया की दवाई

**जगदलपुर, 13 फरवरी।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा गुरुवार को तोकापाल और बास्तानार विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर श्री छिकारा और जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने मवालीभाटा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया। साथ ही फाइलेरिया नियंत्रण अभियान के तहत आयोजित दवाई वितरण कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों ने फाइलेरिया नियंत्रण की दवाई डीईसी और कृमिनाशक दवाई एल्बेंडाजोल का सेवन किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को भी दवाइयों का सेवन के लिए प्रेरित किए। इसके अलावा कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने मवालीभाटा के हाईस्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करने, उत्तर पुस्तिका में लेखन का प्रयास, आत्मविश्वास के साथ 6–8 घंटे पढ़ाई करें ताकि बेहतर अंक हासिल किया जा सके।

**कमिश्नर बस्तर ने जिले के विकासखंड बस्तर में रेडी टू ईट पोषण आहार उत्पादन यूनिट का निरीक्षण कर**

# पोषण आहार उत्पाद के गुणवत्ता सहित स्वच्छता व सुरक्षा मापदंड़ों का पालन करने के निर्देश दिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 फरवरी।** कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने गुरुवार को बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर अंतर्गत सोनारपाल में रेडी टू ईट पोषण आहार उत्पादन यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण कर पोषण आहार उत्पाद के गुणवत्ता सुनिश्चित करने कहा। वहीं इस यूनिट में स्वच्छता एवं साफ-सफाई और सुरक्षा मापदंडों का पालन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने रेडी टू ईट उत्पादन में संलग्न श्री बालाजी महिला स्व सहायता समूह की सदस्य महिलाओं से उत्पादन संबंधी गतिविधियों के बारे में विस्तार से पूछा और लक्षित बच्चों एवं माताओं के पोषण से संबंधित उक्त कार्य को पूरी तरह सजगता एवं समर्पित होकर संचालित करने की समझाइश दी। कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह ने रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट में कार्य



करने वाले महिला सदस्यों को सुरक्षा के मद्देनजर समुचित पोशाक और दस्ताने धारण करने और स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने कहा। वहीं सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए शिफ्ट में कार्य करने की समझाइश दी। इसके साथ ही उत्पाद भंडारण कक्ष में तिथि वार उत्पाद को सुरक्षित तरीके से भंडारित किए जाने कहा। उन्होंने उत्पाद का समय पर आपूर्ति करने के साथ ही सुरक्षा एवं साफ-सफाई संबंधी दिशा-निर्देशों को फ्लेक्स के जरिए प्रदर्शित किए जाने, उत्पादन यूनिट के मशीनों का नियमित रूप से जांच एवं रखरखाव करने, अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता सहित विद्युत सेफ्टी ऑडिट करने के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। साथ ही उत्पादन यूनिट को नियमित तौर पर संचालित करने के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने सहित वैकल्पिक विद्युत सुविधा हेतु जनरेटर की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान श्री बालाजी महिला स्व सहायता समूह के सचिव रानी मालवीय और सदस्य बसंती कश्यप ने बताया कि उत्पादन संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण के बाद गत जनवरी महीने से उक्त रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट का संचालन कर रहे हैं। लक्षित बच्चों एवं माताओं के पोषण को मद्देनजर रखते हुए उत्पाद में गेहूं, सोयाबीन, मूंगफली, चना, रागी और अन्य आवश्यक सामग्रियों को निर्धारित मात्रा में शामिल करने पर ध्यान रख रहे हैं। साथ ही रेडी टू ईट उत्पाद के पैकेजिंग को भी बेहतर ढंग से सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट से समेकित बाल विकास परियोजना बस्तर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को आपूर्ति किया जा रहा है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री मनोज सिन्हा सहित अन्य अधिकारी और श्री बालाजी महिला स्व सहायता समूह के सदस्य महिलाएं मौजूद थे।

## एक नजर

### मातृ-शिशु 100 बिस्तरी अस्पताल में गंभीर नवजात शिशुओं को मिला जीवनदान

**रायगढ़, 13 फरवरी ।** समय से पहले जन्मे, बेहद कम वजन और गंभीर स्थिति में भर्ती बच्चों को मातृ शिशु 100 बिस्तरीय अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने अथक प्रयासों से नया जीवन दिया। अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, निरंतर निगरानी और संवेदनशील देखभाल के बल पर इन नन्हे बच्चों ने न केवल कठिन दौर को पार किया, बल्कि अब स्वस्थ जीवन की ओर मजबूत कदम बढ़ा रहे हैं। जिला प्रशासन के निर्देश, सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत तथा सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. दिनेश पटेल के मार्गदर्शन में जिले के 100 बिस्तरीय मातृ-शिशु अस्पताल में गंभीर बीमार नवजात बच्चों की देखभाल इकाई ने समय से पहले जन्मे बच्चों का सुरक्षित बचाव किया है। प्रभारी डॉ. अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि यहां की विशेष टीम डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ.जेनेविभा मिंज और डॉ.स्निग्धा दास कठिन परिस्थितियों में जन्म लेने वाले शिशुओं की देखभाल कर उन्हें स्वस्थ जीवन देने में सफल रही है।

इस माह अस्पताल में कई नवजात शिशु जिनका का जन्म 7 माह की गर्भावस्था में हुआ, गंभीर अवस्था में भर्ती किए गए शिशुओं मे 13 जनवरी 2026 को रूपा जैजैपुर जिनका प्रसव जी.एम.सी रायगढ़ में हुआ, उनके बच्चे का वजन 960 ग्राम था। इसी तरह 14 जनवरी को सुनिता के बच्चे का वजन 990 ग्राम था, 15 जनवरी को जगमती कुकरगांव पत्थलगांव के बच्चे का वजन 920 ग्राम और 26 जनवरी को सूरजमती जिनका प्रसव सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में हुआ था, उनके बच्चे का वजन 880 ग्राम था। सभी बच्चों का समय पर सुरक्षित बचाव किया गया और अब ये बच्चे स्वस्थ हैं।

### राजिम कुंभ में प्रस्तुति देने पहुंचे बहेड़ाबुड़ा के नाचा कलाकारों ने कहा- दर्शकों की ताली ही हमारे लिए सबसे बड़ा सम्मान



**राजिम,13 फरवरी।** कुंभ कल्प मेला में प्रतिदिन सैकड़ो कलाकार प्रस्तुति दे रहे हैं। एक तरह से यह मंच उनके लिए वरदान बन गया है। कार्यक्रम देने के बाद उनके चेहरे में जो चमक दिखाई दे रही है वह उल्लास और राजिम कुंभ के प्रति आस्था को दर्शाती है। गरियाबंद जिला के सुदूर अंचल में रहने वाले जय बहेड़ाबुड़ा नाचा पार्टी मोंगरा के फूल के 15 कलाकारों ने स्थानीय मंच में जोरदार प्रस्तुति दी। दर्शक उन्हे ताली बजाकर प्रोत्साहित करते रहे। मीडिया सेंटर पहुंचे तीनों कलाकार जिसमें बड़े जोक्कर बुधारू राम यादव अपने उम्र के 60 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। वह बताते हैं कि संगीत की धुन बजने के बाद उनका पांव रुकता नहीं है बल्कि वह नाचना शुरू कर देते हैं चेहरे पर मृदाल शंख, माथे पर लंबा टीका, नीचे पजामा तथा ऊपर चमकीला कुर्ता पहनें इनके बात करने का ढंग काफी प्रभावित कर रहा था।

चर्चा करते हुए इन्होंने बताया कि 10 वर्ष की उम्र से नाचा पार्टी में जा रहा हूं पहले तो नचकारीन, उसके बाद छोटे जोक्कर और अब बड़े जोक्कर की भूमिका निभाता हूं। शुरुआत में तो 3 साल तक लगातार रिहर्सल ही करता रहा, उसके बाद 13 साल की उम्र से साइकिल चलाकर कलाकारी करने के लिए नाचा में जाता रहा हूं। सौ, दो सौ किलोमीटर साइकिल में ही जाया करते थे। रात भर नाचा गम्मत करते और सुबह चाय पीने के बाद फिर साइकिल चलाते।

### राजिम कुंभ में ''खगोलीय दर्शन' और 14 फरवरी को, विद्यार्थी और श्रद्धालु अत्याधुनिक टेलीस्कोप से ग्रह नक्षत्रों को देख सकेंगे लाइव

**राजिम।** छत्तीसगढ़ के धर्मनगरी प्रयाग राजिम में चल रहे राजिम कुंभ कल्प 2026 केवल आध्यात्मिकता का ही केंद्र नहीं, बल्कि वैज्ञानिक चेतना का भी साक्षी बनेगा। स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा एवं अटल टिंकरिंग लैब कौंदकेरा गरियाबंद की अनूठी पहल पर 13 एवं 14 फरवरी की शाम 6.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक विभागीय प्रदर्शनी स्टाल के समीप नवीन मेला परिसर क्षेत्र राजिम मेले में ''कॉस्मिक दर्शन'' (आकाशीय दर्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर युवाओं और स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं के भीतर आकाशीय ग्रहों, नक्षत्रों के प्रति रुचि जागृत कर खगोलीय विज्ञान के प्रति प्रेरित करना है। आयोजन के अंतर्गत विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं मेले में आने वाले आमजन टेलीस्कोप के माध्यम से शनि के छल्ले (Rings of Saturn), बृहस्पति और उसके चंद्रमाओं के साथ-साथ आकाशगंगा के अन्य अद्भुत नजारों को साक्षात देख पाएंगे।

### संपूर्णता अभियान 2.0 अंतर्गत बालिकाओं के लिए जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन

**कवर्धा, 13 फरवरी।** भारत सरकार नीति आयोग द्वारा संचालित आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला में कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आउट रिच एक्टिविटी के तहत तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस का आयोजन गत दिवस किया गया। यह आयोजन विकासखंड बोड़ला के विभिन्न स्कूलों में कक्षा 6 वी से 11 वी तक की बालिकाओं के लिए किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश् विज्ञान में महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाना,छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास का विकास करना,पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 29 जनवरी 2026 को संपूर्णता अभियान का शुभारंभ आंकाक्षी विकासखंड बोडला में हुआ है। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा जिसमें विकासखंड बोड़ला अंतर्गत शिक्षा स्वास्थ्य पोषण पेयजल कृषि पशुधन का सघन टीकाकरण जैसे अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थानीय समुदाय को लाभान्वित किया जाएगा।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम विनय कुमार पोयाम ने बताया की इस आयोजन से बहुत लाभ हुआ है।

कलेक्टर ने घरघोड़ा ब्लाक के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

# दो शिक्षकों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी और स्पष्टीकरण के दिए निर्देश



**रायगढ़, 13 फरवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने गुरुवार को जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र घरघोड़ा विकासखंड के महलोई स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी जताई।

कलेक्टर ने दोनों विद्यालयों के उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। परीक्षण में पाया गया कि संबंधित शिक्षकों द्वारा लगातार सीएल (आकस्मिक अवकाश) एवं निर्वाचन कार्यों का हवाला देते हुए अनुपस्थिति दर्ज की गई है। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि अनुपस्थिति की तिथियों तथा निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षणध्ड्यूटी की वस्तुस्थिति की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान शिक्षकों के अवकाश एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी मांगे जाने पर प्रधानपाठक श्री दुल्ही चंदन पटेल स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में उदासीनता एवं शिक्षकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा विभाग को प्रधानपाठक के विरुद्ध सीधे पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा नियमित अंतराल में स्कूलों का निरीक्षण नहीं करने पर उनके कार्यों के प्रति भी असंतोष व्यक्त की।

कलेक्टर ने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन की भी जांच की। बच्चों के लिए तैयार दाल, चावल एवं सब्जी की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि निर्धारित मेन्यू के अनुरूप भोजन तैयार नहीं किया गया था तथा हरी सब्जी के स्थान पर टमाटर की चटनी परोसी गई थी। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित महालक्ष्मी स्व-सहायता समूह के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा मध्यान्ह भोजन संचालन का दायित्व किसी अन्य सक्षम समूह को सौंपने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने भी मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मेन्यू का पालन नहीं किए जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बच्चों की शिक्षा और पोषण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदारों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ, घरघोड़ा एसडीएम और तमनार तहसीलदार उपस्थित थे।

## 9000 फीट की ऊंचाई पर राजिम कुंभ कल्प मेला-26 का प्रमोशन, पोंड़ के खेमराज साहू ने लहराया तिरंगा



**राजिम,13 फरवरी।** पर्वतारोहण और ट्रैकिंग के क्षेत्र में सक्रिय ग्राम पोंड़ जिला गरियाबंद के युवा खेमराज साहू ने हिमाचल प्रदेश की बर्फीली वादियों में राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 का प्रचार-प्रसार कर जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कुल्लू जिले की सोलंग वैली से पतालसू पीक ट्रैक के दौरान लगभग 9000 फीट की ऊंचाई पर माइनस 6 डिग्री तापमान में तिरंगा एवं छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर के साथ राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 का संदेश दिया।

बता दे कि पर्वतारोहण ट्रैकिंग के क्षेत्र में कार्यरत पोंड़ के युवा खेमराज साहू हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित सोलंग वैली गांव से पतालसू पीक ट्रैक करने के लिए निकले थे जिसकी ऊंचाई लगभग 13900 फीट है परंतु 03 फरवरी 2026 को अत्यधिक बर्फबारी होने से पतालसू पीक तक पहुंच पाना मुश्किल था और कुल्लू जिला प्रशासन व हिमाचल प्रशासन द्वारा मौसम को देखते हुए उंचाई पर ट्रैक में जाने के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था, चूंकि जिस रास्ते से ट्रैक करके पहाड़ी चढ़ना था, वहां पर लगभग 8से 10 फीट तक बर्फ जमा हुआ था।

खेमराज व उनके साथियों ने एडवेंचर वैली के प्रशिक्षु माउंटेनियर के मार्गदर्शन में यह ट्रैक करने की कोशिश की, जिसमें सोलंग वैली गांव से होकर शगाडुग के जंगलों में ट्रैक करते हुए सीने तक की जमी बर्फ को हटाकर, धसते पैर से रास्ता बनाकर ट्रैक किया। मौसम के अनुकूलता को देखते हुए लगभग 9000 फीट की ऊंचाई -6 डिग्री पर खेमराज ने राजिम कुंभ कल्प मेला 2026 का तस्वीर के साथ प्रमोशन करते हुए, छत्तीसगढ़ महतारी की छायाप्रति व तिरंगा लहराते हुए यह सफल आरोहण किया।

इसके पहले भी खेमराज साहू 2023 में केदारकंठा चोटी (12500 फीट) उत्तराखंड में गरियाबंद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर के साथ गरियाबंद जिले के विभिन्न दर्शनीय स्थल को प्रमोट कर चुके हैं, जिसके लिए खेमराज साहू का नाम ''वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकॉर्ड'' में दर्ज है, इसके साथ ही रायपुर से गरियाबंद तक एक दिवसीय सायकल यात्रा करते हुए वर्ष 2023 में मेले को भी प्रमोट कर चुके हैं। यह आरोहण में खेमराज के साथ छत्तीसगढ़ से ट्रैकर नितेश अग्रवाल, राजनांदगांव व ओड़िशा के एक्सपीडिशन एडवेंचर ट्रैकर प्रवासिनी व उनके अन्य साथी शामिल रहे।

### प्रायोगिक परीक्षा 17 को

**अंवरी, 13 फरवरी।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा के तहत महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा (सिहाद )में बी.एस सी द्वितीय वर्ष केमेस्ट्री (रसायन) तथा बी . एस.सी. तृतीय वर्ष रसायन शास्त्र प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 17 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह 9 बजे से संपन्न होगी द्य अतः सम्बंधित समस्त नियमित, अहमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व छात्र प्रायोगिक फाईल, आवश्यक लेखन सामग्री के साथ परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पहले महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें,

### राजिम कुंभ कल्प के मंच पर बिखरा छत्तीसगढ़ का रंग गूंजे सुवा-राउत और भजन के स्वर



**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के स्थानीय मंच पर बुधवार 12 फरवरी को आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को छत्तीसगढ़ी लोकविधाओं की मनोहारी झलक से रूबरू कराया। नदी मंच पर राजिम के पुरुषोत्तम मिश्रा ने भजन संध्या में ÷एक नाम एक भरोसा÷ की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। रायपुर के गोपी किशन देवांगन ने जसगीत ÷चैत के महीना आबे दाई÷ के माध्यम से दर्शकों को आगामी चैत्र नवरात्रि की स्मृतियों से जोड़ दिया। ईश्वर लाल साहू (राजिम) ने रामायण के सीता विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे श्रोताओं ने बड़े प्रेम से सुना। भाटापारा-बलौदाबाजार के पुहुप राम यादव ने ÷मोर गांव के देवी शीतला जसगीत से खूब तालियां बटोरीं।इसी तरह नवीन मेला स्थल पर राजनांदगांव की हिमानी वासनिक ने राजा भरथरी की गाथा प्रस्तुत की। कुम्ही (राजिम) की उमा साहू ने देवी गीतों व हर-हर भोला से वातावरण भक्तिमय बना दिया। परसदा के जे.आर. खूंटे ने गुरु घासीदास बाबा को स्मरण कर पंथी नृत्य से समा बांधा।

## राजिम कुंभ कल्प में आस्था, संस्कृति और स्वच्छता की झलक



**राजिम,13 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच को इस बार अन्य वर्षों की तुलना में अधिक आकर्षक रूप दिया गया है। लगभग 60 फीट चौड़े और 80 फीट लंबा यह भव्य मंच और बैकग्राउंड में पंचकोशी धाम के मंदिरों की झलक लोगों को आकर्षित कर रही है। भगवान श्री राजीवलोचन एवं कुलेश्वरनाथ महादेव के साथ पटेश्वरनाथ (पटेवा), चम्पकेश्वरनाथ (चम्पारण), ब्रम्हकेश्वरनाथ (ब्रम्हनी), फणीकेश्वरनाथ (फिंगेश्वर) और कोपेश्वरनाथ (कोपरा) के मंदिरों की प्रतिकृतियां बांस और कपड़े से निर्मित की गई हैं। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। राज्यस्तरीय मंच की भव्यता देखते ही बनती है।

राजिम कुंभ मेले में स्वच्छता बनाए रखने पूरे मेला क्षेत्र में जगह-जगह डस्टबीन की व्यवस्था की गई है, जिससे कागज के टुकड़े, रैपर, पॉलीथीन और पानी की बोतलें इधर-उधर न फैलें। कचरा पेटियां भरने से पहले ही कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से साफ कर दी जाती हैं, जिससे मेला परिसर स्वच्छ और सुव्यवस्थित नजर आ रहा है। 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' की परिकल्पना का प्रभाव यहां स्पष्ट दिखाई देता है। धार्मिक नगरी राजिम में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग कर रहे हैं।

#### घाटों पर हाईमास्ट लाइट से जगमगाहट

क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के प्रयासों से नवीन मेला मैदान चौबेबांधा में नदी किनारे घाट का निर्माण कार्य जारी है। वहीँ मेला प्रारंभ होने से पूर्व ऊंचे खंभों पर हाईमास्ट लाइट लगाई गई हैं, जिनकी रोशनी से रात में भी दिन जैसा दृश्य दिखाई देता है। मेला देखने पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था की सराहना की। मेला घुमने पहुंचे विराट, सुकचंद, गिरधारी, बिहारीलाल ने बताया कि अभी इतना सुदर लग रहा हैं जब नदी के किनारे फोर लाइन सड़क निर्माण होगा, तो दृष्य और भी विहंगम लगेगा।

#### मंच पर कलाकारों का हो रहा सम्मान

कुंभ कल्प में प्रतिदिन सैकड़ों कलाकार मुख्य मंच, स्थानीय मंच और नदी मंच पर अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। राष्ट्रीय से लेकर स्थानीय कलाकारों की झमाझम प्रस्तुतियों के बाद उन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने सांस्कृतिक रुचि रखने वाले शिक्षकों को भी मंच संचालन और अन्य जिम्मेदारियों से जोड़कर आयोजन में सहभागिता दी है।

#### संत समागम से देशभर के संतों को सहज दर्शन

राजिम कुंभ के संत समागम परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। विभिन्न अखाड़ों के संत, महामंडलेश्वर और आचार्य यहां यज्ञ, प्रवचन और धार्मिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन दे रहे हैं। देशभर से पहुंचे संतों के सानिध्य में राजिम कुंभ की पवित्रता और भी निखर उठी है।

## समाचार संक्षेप

### जल ही जीवन है के संदेश के साथ ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ




**रायगढ़, 13 फरवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश में विकासखंड खरसिया के ग्राम पंचायत परसकोल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल अर्पण दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल की शुद्धता, संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान एफटीके के माध्यम से जल परीक्षण का प्रदर्शन किया गया तथा जल बहिनियों को इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को जल गुणवत्ता के महत्व को विस्तार से समझाया गया और जल से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जल शुद्धता बनाए रखने, जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता रखने तथा भविष्य की जल सुरक्षा हेतु नियमित रूप से जल कर का भुगतान करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जल संसाधनों की रक्षा को हम सभी का सामूहिक कर्तव्य बताया गया। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को

**रायगढ़, 13 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आयोजन 22 फरवरी 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल सह परिवहन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यह उड़नदस्ता दल परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी करेंगे।उड़नदस्ता दल 22 फरवरी को जिला कोषालय, रायगढ़ से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचायेंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात केंद्राध्यक्षों से सीलबंद गोपनीय सामग्री प्राप्त कर उसे सुरक्षित रूप से जिला कोषालय में जमा करेंगे। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु दल को प्रातः 7 बजे तथा दोपहर 12 बजे जिला कोषालय, रायगढ़ में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। यहा आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1501 पीएमश्री शास.नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल रायगढ़, 1503 शास.हायर सेकेण्डश्री स्कूल जूटमिल रायगढ एवं 1504 शास.हायर सेकेण्डरी स्कूल राजीव गांधी नगर मिट्ठुमुड़ा रायगढ़ के लिए उड़नदस्ता दल जिला विपणन अधिकारी सुश्री जान्हवी जिल्हारे मोबा. 78280-795822, सउपनि-रक्षित केन्द्र श्री हेतराम सिदार मोबा.94255-40417 एवं प्र.आर.-581 पुलिस कार्यालय रायगढ़ श्री ईश्वर उरांव मोबा. 74892-01914 को शामिल किया गया है।

### बहुफसली खेती अपनाने से पोषण और आमदनी में होगा सुधार:कलेक्टर



**रायगढ़, 13 फरवरी।** जिले में टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ÷फसल बदलो, जीवन बदलो÷ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से संचालित यह पहल राज्य के नौ जिलों में लागू की जा रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य कम पानी में उगने वाली एवं अधिक पोषण देने वाली फसलों को बढ़ावा देना, धान पर अत्यधिक निर्भरता कम करना तथा जलवायु अनुकूल कृषि प्रणाली विकसित करना है। जिला कलेक्टोरेट में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि यह एक सामुदायिक आधारित पहल है, जिसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि खरीफ में धान उत्पादन के बाद अब बहुफसली खेती की ओर बढ़ना आवश्यक है। तथा उनका उत्साहवर्धन किया। बच्ची वाणी, हार्दिक एवं काव्य ने उत्साहपूर्वक कविता सुनाई, जिसकी सचिव ने सराहना की। उन्होंने कहा कि 5-6 वर्ष आयु के बच्चों को विद्यालय प्रवेश से पूर्व बुनियादी विषयों - मैं और मेरा परिवार', 'मेरा घर और गाँव', 'आंगनवाड़ी', 'पशु-पक्षी', 'फल-सब्जियाँ', 'जीव-जंतु', 'हवा-पानी', 'मौसम और त्यौहार', 'बाज़ार', 'यातायात के साधन' एवं 'हमारे सहायक' आदि की समुचित जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण बौद्धिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास सुनिश्चित हो सके।

### अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष 19 व 20 को जिले के प्रवास पर रहेंगे

**कांकेर, 13 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रूपसिंह मण्डावी (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) आगामी 19 एवं 20 फरवरी को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे 19 फरवरी को भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में खनन क्षेत्र का अवलोकन करेंगे, साथ ही ग्राम पेवारी में सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन तथा निरीक्षण कर जनजातीयमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। अगले दिन वे 20 फरवरी को सुबह 11.30 बजे नियद नेल्लानार योजनांतर्गत निर्माण कार्यों का निरीक्षण तथा लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन करेंगे।

# चिचोली में पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक 16 फरवरी को चार पहर किया जाएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**तिल्दा नेवरा,13 फरवरी।** तिल्दा नेवरा ग्राम चिचोली में दो सरोवर के मध्य स्वयंभू शिव जी भूत भावन भगवान भोलेनाथ विराजित हैं जिसमें विगत 11 वर्षों से पार्थिव शिवलिंग बनाकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ युगल जोड़े में पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालु जन जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया जाता है यहां चारों पहर की पूजा की जाती है रुद्राभिषेक प्रथम पहर की पूजा सुबह 11ः00 बजे से द्वितीय पर प्रहार की पूजा दोपहर 3ः00 बजे से तृतीय प्रहार की पूजा रात्रि 7ः00 बजे से वह चतुर्थ प्रहर की पूजा रात्रि 11ः00 से प्रारंभ होकर हवन का कार्यक्रम दिनांक 16 फरवरी को सुबह 4ः00 बजे होगा इस कार्यक्रम में सभी श्रद्धालु जन पहुंचकर भूत भावन भगवान भूतेश्वर महादेव का आशीर्वाद पुण्य प्राप्त करें , इस पूजा अभिषेक हवन कार्यक्रम में ग्ग्राम के मांत्रीशक्ति युवा शक्ति व वृद्धजन बड़ी संख्या में सहयोग कर पुण्य प्राप्त करते हैं यह जानकारी पूजा एवं मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर द्वारा दिया गया वआसपास के सभी श्रद्धालुओं एवं समस्त सहयोगियों से विनम्र निवेदन किया गया की उक्तकार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वयंभू शिवजीका आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य के भागी बने भूत भावन भगवान भोलेनाथ आप सहित पूरे परिवार पर अपनी कृपा दृष्टि हमेशा बनाए रखें पूजन के पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया जाता है संपूर्ण गतिविधि का संचालन ग्राम वासियों के सहयोग से समिति के सचिव श्री अवधेश पांडे द्वारा किया जाता है समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर ने बताया की इस पूजा की शुरुआत बाल ब्रह्मचारी संत शिरोमणि दास महाराज जी (राष्ट्रीय गौ रक्षा संघके प्रदेश अध्यक्ष)द्वारा 11 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया इस वर्ष भी प्रयागराज के विद्वान पंडितों द्वारा अभिषेक व पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा इस कार्यक्रम में ग्राम के सहयोगी श्री नारायण सिन्हा,राजेंद्र धीवर,नवीन सिंह राजपूत प्रकाश यादव मुरली साहू सोमनाथ प्रजापति ,अश्वनी प्रजापति, मेघनाद वर्मा ,झमेंद्र धीवर, मुकुत राम वर्मा ,महावीर धीवर,जनक साहू, दुर्गु धीवर,नौरंगी साहू ,राजेश साहू टीकम सोनवानी ,विकास सोनवानी ,भूरु दास बंजारे, बंटी बंजारे ,मोनू धीवर,रितेश धीवर ,दद्दू चौहान ,आशीष साहू ,महिला ग्राम संगठन की अध्यक्ष श्रीमती जया साहू के साथ समस्त मातृशक्ति का विशेष सहयोग प्राप्त होता है ,पूजा में हर वर्ष प्रमुख यजमान श्री मति नीरा राजकुमार सिंह के साथ सभी भक्त गण सपत्नीक पूजा करते हैं ,पूजा व्यवस्था में श्री सीताराम अग्रवाल ,श्री रामेश्वर सिरमौर की भी विशेष सहयोग हर वर्ष प्राप्त होता है जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भूत भवन भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हैं उनकी हर मनोकामना हमारे शंभू शिव जी पूर्ण करते हैं।

## एक नजर

### उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप युवाओं को करें प्रशिक्षित : कलेक्टर

**राजनांदगांव 13 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल विकास से जोड़ने तथा क्षमता निर्माण करने के मद्देनजर औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों को आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न ट्रेड एवं कोर्स के लिए युवाओं का कौशल विकास करते हुए उन्हें दक्ष एवं कुशल बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्योगों में मानव संसाधन की जरूरत के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के दृष्टिगत युवाओं का कौशल विकास आज के समय की आवश्यकता है। सभी उद्योगों से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावना के दृष्टिगत उनकी आवश्यकता के लिए चर्चा की। इस दौरान जिले में फैब्रिकेशन, टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिकल, सिविल इंजीनियर तथा सॉफ्ट स्किल में प्रबंधन संबंधी कौशल, विभिन्न उपकरणों की जानकारी रखने संबंधी जानकारी बताई गई। इसके साथ ही मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, टेक्सटाइल्स एवं गारमेंट्स, इलेक्टॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर, प्लास्टिक्स, आईटी, आईटीईएस, डाटा सेंटर, बीपीओ सहित अन्य सेक्टरों में कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि सभी उद्योगों में आवश्यकता से संबंधित जानकारी शीघ्र दें, ताकि आने वाले माह में युवाओं को सेंशटाइज किया जाएगा।

### महापौर एवं कलेक्टर से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल छात्रा पूनम साहू एवं नम्रता रजक ने की मुलाकात

**राजनांदगांव 13 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में पीएमश्री राजा सर्वेश्वरदास उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव की छात्रा पूनम साहू एवं नम्रता रजक शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से छात्राओं ने सीधा संवाद किया और परीक्षा के तनाव को दूर करने के संबंध में सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने बच्चों से सहज रूप में बातचीत करते हुए विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के महत्व की सार्थकता पर विस्तृत चर्चा की। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में शामिल छात्रा पूनम साहू एवं नम्रता रजक ने कलेक्टोरेट में मुलाकात की। महापौर एवं कलेक्टर ने छात्राओं को सम्मानित किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने प्रधानमंत्री जी से हुए संवाद एवं उनके सानिध्य को अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस श्री आदित्य कुमार, विद्यालय के एसएमडीसी के अध्यक्ष श्री कमलेश सूर्यवंशी, प्राचार्य डॉ. अमित घोष, शिक्षक श्री आकाश त्रिपाठी उपस्थित थे।

### बुनकर केन्द्र सुकुलदैहान में विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव 13 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के मार्गदर्शन में बुनकर केन्द्र सुकुलदैहान में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल सभी बुनकरों का निःशुल्क उद्यम पंजीयन कराया गया। इस डिजिटल पंजीकरण के माध्यम से बुनकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं बैंक ऋष्टा सुविधाओं का लाभ ले सकते है। विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम दिन मास्टर ट्रेनर ने बुनकर संघ के कार्यों को विस्तार देने एवं एक साधारण बुनकर से सफल उद्यमी बनने की के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मुद्रा योजना के लाभ एवं वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन बाजार की आधुनिक मांग के अनुरूप रेडीमेड वस्त्र निर्माण के बारे में बताया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि जिले के अन्य क्षेत्रों में विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया जाएगा।

# गांव की जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र बनाए जाने से ग्रामीणो में भारी नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरुद 13 फरवरी।** कुरुद विधानसभा के कन्हारपुरी ग्राम पंचायत के 750 जनसंख्या वाले आश्रित ग्राम भालूझूलन के ग्रामीण उसे समय आक्रोशित होकर धरना प्रदर्शन में बैठ गए जब उद्योग विभाग के लोग नवीन औद्योगिक क्षेत्र बनाने की शुरुआत करने वहां पहुंचें।

शासन द्वारा यहां नवीन औद्योगिक क्षेत्र भालूझूलन के 11 हेक्टेयर लगभाग 27 एकड़ जमीन को अधिग्रहित कर उसका औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकास किया जाना है द्य आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि इसके लिए हमारे ग्राम पंचायत की सहमति नहीं ली गई है द्य और हम इसका विरोध पिछले 1 साल से कर रहे हैं द्य धरना स्थल पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर और जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर भी धरना देने पहुंचे। गुरुवर 12 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से ग्राम भालूझूलन के प्रस्तावित नवीन औद्योगिक क्षेत्र में सैकडो की संख्या में ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जब सहायक अभियंता सीएसआईडीसी दीपांशु मेश्राम ले आउट देने वहां पर पाहुंचे द्य ग्रामीण भारी आक्रोश हो गए और टेंट लगाकर धरना देने बैठ गए द्य इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के धमतरी जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर और क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर भी पहुंच गए, और धरना प्रदर्शन में उनका साथ दिया। नवीन औद्योगिक क्षेत्र भालूझूलन - गांव की 11 हेक्टेयर खाली जमीन को शासन ने अधिग्रहित कर नवीन औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है द्य जिस पर उद्योग विभाग द्वारा छोटे उद्योग को बढ़ावा देने के लिए छोटी इकाइयों की स्थापना किया जाना है द्य जिसके लिए जमीन का सीमांकन 26 मार्च 2025 को किया गया था द्य और इस कार्य के लिये भूमि पूजन का कार्य पास के ही गाँव में 2 फरवरी 2026 को कुरुद विधायक अजय चंद्राकर और ग्राम पंचायत के सरपंच ब्रह्मदत्त गनीर की उपस्थिति में किया गया था। प्रस्तावित जमीन पर धरना दे रहे ग्राम भालूझूलन के आक्रोशित महिला एवम पुरूषों का कहना है कि हम पिछले एक वर्ष से इस जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र बनाये जाने का विरोध कर रहे हैं द्य जिनके लिए क्षेत्र के तहसीलदार, एसडीएम, जिला व राज्य उद्योग विभाग के अलावा जिला कलेक्टर को भी 10 मार्च 2025 में विरोध का आवेदन पत्र दिया था द्य लेकिन शासन ने हमें नजरअंदाज किया है। ग्रामीणों का कहना है कि हम उक्त जमीन को चारागाह, खेल मैदान ,मुक्तिधाम, और भूमिहीनों के लिए मकान बनाने हेतु आबादी जमीन के लिए सुरक्षित रखे हुए हैं। ग्राम के सरपंच हेमा ब्रह्मदत्त गनीर का कहना है कि हम नहीं जानते कि यह औद्योगिक क्षेत्र कौन और कैसे बनवा रहा है हमें सीईओ के द्वारा ग्राम डांडेसरा में 2 फरवरी को भूमिपूजन के लिए बुलाया गया था, और बोला गया था कि वहां की जगह की दिक्कत है इसलिए ग्राम डांडेसरा में भूमि पूजन करवाना है, तो हम चले गए द्य यहां भालूझूलन के कार्य के संबंध में उनका कहना है कि गांव वालों की जो मर्जी है उसी में हमारी सहमति है।

इस संबंध में सहायक अभियंता सी एस आई डी सी दीक्षांशु मेश्राम ने कहा कि अभी हमारा साइड क्लियर नहीं है, अभी हम कार्य नहीं कर पाएंगे ।

**-दीक्षांशु मेश्राम, एसडीओ**

इस संबंध में कुरूद तहसीलदार सूरज बंछोर ने ग्रामीणों को कहा कि हम सभी उच्च अधिकारियों के साथ आपके गांव में एक बैठक करने आएंगे आप दिनांक तैय करके हमें बताइएगा। वही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

**- सूरज बंछोर, तहसीलदार**

### कंडेल ग्राम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहयोगियों की सक्रिय सहभागिता से

# 'वजन त्यौहार' में 213 बच्चों और 9 गर्भवती माताओं की जांच

■ सुपोषण, टीकाकरण और स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरुक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 13 फरवरी।** जिले के धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कंडेल, सेक्टर झिरिया अंतर्गत धमतरी ग्रामीण परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र कंडेल क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 में उत्साहपूर्वक ÷वजन त्यौहार÷ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों एवं गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करना तथा पालकों को पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरुक बनाना था। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कंडेल के सरपंच श्री गिरधर सार्वा, सचिव श्री प्रेमलाल साहू तथा स्वास्थ्य विभाग से श्रीमती धनेश्वरी ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रही।

कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 213 बच्चों का वजन लिया गया तथा 9 गर्भवती माताओं का वजन एवं ऊंचाई मापी गई। यह प्रक्रिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों की सक्रिय सहभागिता से संपन्न हुई। बच्चों की आयु के अनुसार वजन, आयु के अनुसार ऊंचाई तथा ऊंचाई के अनुसार वजन के आधार पर उनके पोषण स्तर का आकलन किया गया। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों को सामुदायिक वृद्धि चार्ट के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई ताकि वे अपने बच्चों की पोषण स्थिति को स्वयं भी समझ सकें और आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठा सकें।

पर्यवेक्षक श्रीमती तारकेश्वरी साहू ने उपस्थित पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समझाया कि यदि बच्चे की आयु के अनुसार उसका वजन और ऊंचाई संतुलित है तो वह स्वस्थ श्रेणी में आता है। यदि किसी स्तर पर कमी पाई जाती है तो समय रहते उचित आहार एवं देखभाल से सुधार संभव है। उन्होंने स्थानीय उपलब्ध खाद्य पदार्थों जैसे दाल, चावल, हरी सब्जियां, मौसमी फल, अंडा एवं दूध आदि को बच्चों के दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में पैकेट बंद एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इन खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की कमी होती है तथा इनमें अत्यधिक नमक, शक्कर या रसायन मिलाए जाते हैं। इसलिए पालकों को चाहिए कि वे बच्चों को घर का ताजा एवं पौष्टिक भोजन दें और जंक फूड से दूर रखें।स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित श्रीमती धनेश्वरी ध्रुव ने बच्चों के टीकाकरण, स्वच्छता एवं पोषण पुनर्वास केंद्र की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचाता है और उनका शारीरिक विकास सुचारु रूप से होता है। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे टीकाकरण की निर्धारित तिथियों पर अपने बच्चों को अवश्य लाएं। साथ ही उन्होंने हाथ धोने की आदत, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल के उपयोग तथा खुले में शौच से बचने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों को सही खानपान अपनाकर सुपोषित रखने के लिए प्रेरित किया गया। माताओं को यह भी बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है ताकि शिशु का जन्म स्वस्थ रुप से हो सके। गर्भवती माताओं का वजन एवं ऊंचाई मापकर उनके स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन किया गया और आवश्यक सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान जागृति समूह द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को तिथि भोज कराया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन ग्रहण किया और कार्यक्रम का आनंद लिया। तिथि भोज के माध्यम से समुदाय में सहभागिता एवं सहयोग की भावना भी देखने को मिली। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अंगूरी रैदास, श्रीमती भेनू, श्रीमती गायत्री एवं श्रीमती धनेश्वरी साहू ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहयोगी के रूप में श्रीमती शैलेन्दी ध्रुव, कु. लिंकी सिन्हा, श्रीमती सविता, श्रीमती देवकी, श्रीमती किरण, गिरिजा, अनिता एवं उर्वशी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। सहायिका श्रीमती चैतबती साहू, अनिता, धरमीन एवं पूर्णिमा सहित बड़ी संख्या में पालकगण भी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत के सरपंच श्री गिरधर सार्वा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी समाज की प्रगति का आधार होता है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे स्वस्थ और सुपोषित होंगे, तो भविष्य भी उज्ज्वल होगा। उन्होंने सभी पालकों से आह्वान किया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से बच्चों को भेजें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। सचिव श्री प्रेमलाल साहू ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे आयोजन से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ती है और बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। वजन त्यौहार के माध्यम से ग्राम पंचायत कंडेल में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया। बच्चों की नियमित जांच, माताओं को परामर्श, और सामुदायिक सहभागिता से यह कार्यक्रम सफल रहा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने विश्वास जताया कि निरंतर प्रयासों से कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। समग्र रूप से यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित रहा वहीं यह सामुदायिक जागरूकता एवं सहभागिता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

# परिसर एवं अपने घरों में सोलर पैनल लगा कर बिजली के क्षेत्र में बनें आत्मनिर्भर : कलेक्टर




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 फरवरी।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के अंतर्गत चेंबर ऑफ कॉमर्स, समाजसेवी, व्यापारी संघ, बिल्डर्स, कॉलोनाइजर्स और कॉलोनियों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से महापौर श्री मधुसूदन यादव शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में प्रजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि नागरिकों को बिजली बिल से निजात दिलाने के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से घर की छत पर रूफ्टॉप सोलर पैनल लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि नेट मीटर के माध्यम से हितग्राही को सोलर प्लांट से प्राप्त बिजली तथा विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर के माध्यम से ऊर्जा के उपयोग के संबंध में सही जानकारी मिलेगी। जिससे बिजली के बिल में कमी होने के साथ ही बिजली की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि बिजली की बचत होने तथा निःशुल्क बिजली मिलने पर इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत पंजीयन तथा वेंडर सलेक्शन स्वयं कर सकते हैं। आवासीय परिसर में रूफ्टॉप सोलर प्लांट स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाईन है एवं आवेदक स्वयं वेंडर का चयन कर सकते हैं। रूफ्टॉप सोलर प्लांट का ग्रिड से संयोजन नेट मिटरिंग के माध्यम से बिजली के उपयोग के संबंध में जानकारी ले सकते है। इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आय भी प्राप्त हो रही है। इस योजना के तहत हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल रही है और बिजली का ज्यादा उत्पादन होने से उसे बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनमानस एक किलोवाट, दो किलोवाट एवं तीन किलोवाट तक रूपटॉप सोलर प्लांट लगा सकते है। शासन की ओर से एक किलोवाट में 45 हजार रूपए, दो किलोवाट में 90 हजार रूपए तथा तीन किलोवाट में 1 लाख 8 हजार रूपए का अनुदान मिलेगा। अतिरिक्त बिजली का उत्पादन तथा उसकी बिक्री से उपभोक्ताओं को अतिरिक्त लाभ होगा।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना:महिलाओं को धुएँ से मिली मुक्ति,समय की हो रही बचत

■ 1 लाख 22 हजार 545 से अधिक हितग्राहियों को प्रदान किए गए गैस कनेक्शन

**रायपुर, 13 फरवरी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत गैस कनेक्शन से महिलाओं को धुएं से मुक्ति तथा उनके जीवन स्तर में सुधार आधार आ रहा है। मुंगेली जिले की अनेक महिलाओं को रसोई में लकड़ी और उपलों के धुएँ से भरी, आँखों में जलन और साँसों में तकलीफ़ सहित अनेक समस्याएं होती थी। लेकिन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 ने इस तस्वीर को बदल दिया है। आज वही रसोई स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मान से भरी हुई है। जिले में 01 लाख 22 हजार 545 से अधिक हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। नगर पंचायत सरगांव की श्रीमती रंजित वर्मा ने बताया कि वे पहले लकड़ी और कंडे से खाना बनाती थीं। घर के भीतर धुएँ का भारी गुबार भर जाता था, जिससे आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बनी रहती थीं। साथ ही, लकड़ी इकट्ठा करने और चूल्हे पर खाना पकाने में अत्यधिक समय लग जाता था, जिससे समय पर भोजन भी नहीं बन पाता था। अब गैस कनेक्शन मिलने के बाद उनके घर में धुएँ से पूरी तरह राहत मिल गई है। समय की बचत हो रही है और परिवार को समय पर स्वच्छ व सुरक्षित भोजन मिल पा रहा है। पांच सदस्यीय परिवार की गृहिणी रंजिता वर्मा ने इस योजना को अपने जीवन के लिए वरदान बताया और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2026/1377/437 भिलाई, दिनांक 9/2/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि | निविदा पहुंचने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर अंतर्गत ट्रेक्टर टेंकर से पेयजल प्रदाय कार्य। (वर्ष 2026 हेतु) | 185258 | 19.30 | 27.02.2026 | 03.03.2026 |
| 02 | वार्ड-13 कोहका शीतला कॉलोनी कृष्णा ग्रैण्ड सिटी के सामने सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 185257 | 18.77 | 27.02.2026 | 03.03.2026 |
| 03 | वार्ड-01 जुनवानी अनुष्ठा रेसीडेन्सी में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 185252 | 26.74 | 27.02.2026 | 03.03.2026 |

**(नोटः- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं EMD प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/ दर को नहीं खोला जावेगा।)**

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यों सामान्य शर्तें एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा करें साथ ही धरोहर राशि स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**जोन आयुक्त**


# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सुदृढ़ हो रही किसानों की आर्थिक स्थिति



**रायपुर, 13 फरवरी।** सरकार की किसान हितैषी योजनाएं जिले के कृषकों के लिए सशक्त संबल सिद्ध हो रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को प्राप्त हो रही नियमित आर्थिक सहायता उनके कृषि कार्यों को मजबूती प्रदान कर रही है। कोरबा जिले के ग्राम रिसदा निवासी कृषक श्री गोवर्धन सिंह इसके उदाहरण हैं। श्री गोवर्धन सिंह पिछले कई वर्षों से खेत करते हैं। उनके पास लगभग चार एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे मुख्य रूप से धान की फसल लेते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद वे निरंतर परिश्रम कर अपनी आजीविका सुदृढ़ बना रहे हैं। श्री सिंह, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली राशि सीधे उनके बैंक खाते में समय पर जमा हो जाती है। उन्हें प्रतिवर्ष तीन किश्तों में दो-दो हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। यह राशि बीज, खाद एवं अन्य कृषि आदानों की पूर्ति में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने बताया कि समय पर आर्थिक सहायता मिलने से उन्हें साहूकारों या अन्य स्त्रोतों से उधार लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती और वे आत्मसम्मान के साथ कृषि कार्य कर पा रहे हैं। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दूरभाष - 0788-2210876

दुर्ग, दिनांक 06.02.2026

### (ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
### (प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 26.02.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्र . | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 337/185295 | शासकीय डॉ. वामन वासुदेव महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में गर्ल्स हॉस्टल का रिनोवेशन कार्य | 20.65 |
| 338/185296 | जिला न्यायालय बेमेतरा में पुरुष एवं महिला के लिए शौचालय निर्माण कार्य | 15.59 |
| 339/18597 | कवर्धा जिला कबीरधाम स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में मोटर साइकिल/कार स्टैण्ड, साइकिल स्टैंड का निर्माण, गर्ल्स हॉस्टल और मुख्य भवन के सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाना, मुख्य भवन के पीछे तार फेसिंग गर्ल्स हॉस्टल और बाहरी हिस्से में पेवर ब्लॉक और बाहरी हिस्से में व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग कार्य | 33.23 |
| 340/185298 | जिला बेमेतरा के पतोरा से नवागांव मार्ग लं. 0.875 कि.मी. का निर्माण कार्य | 86.34 |
| 341/185299 | शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में सीमेंटीकरण का कार्य | 13.82 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**

जी- 252606643/7



## कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

email-cmodongargarh@rediffmail.com

क्रमांक/271/चैत्र मेला/न.पा.प./2026-27 डोंगरगढ़, दिनांक 10/02/2026

### ।।आफर निविदा आमंत्रण सूचना।।

चैत्र नवरात्रि मेला 2026-27 में नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा नगरपालिका टूरिस्ट लॉज स्थित वाहन पार्किंग एवं मीना बाजार प्रदर्शनी तथा आश्रय स्थल के सामने क्राफ्ट मेला को दिये जाने कर निविदा के लिए ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार से मोहर बंद निविदा आमंत्रण सूचना (03 लिफाफा) पद्धति द्वारा पंजीकृत डॉक, स्पीडपोस्ट के माध्यम से निविदा दर आमंत्रित करती है।

निविदा आमंत्रण सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन के साथ आधार कार्ड, पेनकार्ड आदि की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

| क्र. | विवरण | ठेका अवधि | न्यूनतम शासकीय राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | मीना बाजार (प्रदर्शनी) (30,500 sqf) | चैत्र नवरात्रि मेला 2026-27 | 7,25,600/- |
| 02 | क्राफ्ट मेला 2025 आश्रय स्थल के सामने (48 नग साईज 5856 sqf) | | 98,000/- |
| 03 | विद्युत व्यवस्था संपूर्ण मेला परिसर | चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि मेला 2026-27 | 8,00,000/- |

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20/02/2026 |
| 02 | ऑफर/निविदा पत्र जारी करने की तिथि | 19/02/2026 (कार्यालयीन अवधि तक) |
| 03 | ऑफर/निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 03/03/2026 (दोप. 03:00 बजे तक) |
| 04 | ऑफर/निविदा खोलने की तिथि | 03/03/2026 (संध्या 04:00 बजे से) |

**नियम एवं शर्तेः-**
1. सशर्त निविदा/ऑफर स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. निविदा/ऑफर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का सर्वाधिकार मु.न.पा.अधिकारी को सुरक्षित रहेगा।
3. अमानत राशि (राष्ट्रीयकृत बैंक का एफडीआर)/मीना बाजार 50,000/-, क्राफ्ट मेला 10000/-तथा विद्युत व्यवस्था 30,000/- (पंजीकृत निविदाकार) आवेदन शुल्क मीना बाजार 750/-. क्राफ्ट मेला-300/- विद्युत हेतु 750/- निर्धारित है।
4. नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में राजस्व शाखा में अवलोकन किया जा सकता है।
5. निकाय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। वाद-विवाद की स्थिति में निकाय का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
6. निविदा प्रक्रिया तिथि में अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में प्रकिया की जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद डोंगरगढ़**

## एक नजर

### बच्चों के लिए स्मार्ट किड लांच

**रायपुर, 13 फरवरी।** माता-पिता हमेशा यही चाहते हैं कि उनके बच्चों की पढ़ाई और भविष्य के सपनों में पैसों की कमी कभी आड़े न आए। इसी सोच के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस दीर्घकालिक बचत प्लान आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360 लॉन्च किया है। यह योजना गारंटीड लाभ के साथ बच्चे की स्कूलिंग, उच्च शिक्षा और युवावस्था की जरूरतों के लिए आर्थिक तैयारी में मदद करती है। मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने कहा कि यह योजना माता-पिता को अपने बच्चे का भविष्य सुरक्षित करने का भरोसा देती है। उन्होंने बताया कि इनबिल्ट प्रीमियम माफी सुविधा के तहत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति में आगे के प्रीमियम माफहो जाते हैं और चुने गए लाभ जारी रहते हैं। साथ ही, फैमिली इनकम बेनिफिट जैसा वैकल्पिक विकल्प परिवार को अतिरिक्त आर्थिक सहारा देता है।

### डामरीकरण का पूर्व पार्षद निरीक्षण




**रायपुर, 13 फरवरी।** इंदिरा गांधी वार्ड, झूलेलाल चौक, नहरपारा में डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य के लिए पूर्व पार्षद तथा व्यापारी नेता रमेश आहूजा ने प्रयास किया था। आहूजा ने आज डामरीकरण कार्य का निरीक्षण कर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर एवं पार्षद एमआईसी सदस्य अवतार बागल को धन्यवाद दिया है।

### स्कूलों में सैनेटरी पैड मशीन लगाए गए

**रायपुर, 13 फरवरी।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस टॉवर्स ने पिंकीशी फाउन्डेशन के सहयोग से, अपनी सीएसआर पहल के तहत छत्तीसगढ़ के दो जिलों नारायणपुर एवं सक्ती के 65 सरकारी स्कूलों में सैनिटरी पैड इंफ्रास्ट्रक्चर को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत हर स्कूल को डस्टबिन और पैड बैंक (स्टोरेज कबर्ड) मुहैया कराए गए हैं, ताकि किशोरियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं भरोसेमंद मैन्स्ट्रूअल हाइजीन मटीरियल उपलब्ध कराया जा सके । इंडस टॉवर्स ने अपनी सीएसआर पहल के तहत छत्तीसगढ़ स्कूलों में मैन्स्ट्रूल हाइजीन इंफ्रास्ट्रक्चर रोलआउट को सफलतापूर्वक पूरा किया। इंडस टॉवर्स का नारी सम्मान प्रोग्राम नारायणपुर और सक्ती में किशोरियों के लिए मैन्स्ट्रूअल हेल्थ, हाइजीन और जागरुकता को सुलभ बनाएगा। 65 स्कूलों (नारायणपुर में 20 और सक्ती में 45) में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें और पैड बैंक इंस्टाल किए। नारायणपुर में 20 डस्टबिन और 20 पैड बैंक इंस्टॉल किए; सक्ती में 45 डस्टबिन और 45 पैड बैंक इंस्टॉल किए।

### छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल बिक्री में 6.83% की वृद्धि

**रायपुर, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल उद्योग ने जनवरी 2026 में सकारात्मक प्रदर्शन दर्ज किया है। जनवरी 2025 की तुलना में इस वर्ष कुल वाहन खुदरा बिक्री में 6.83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जनवरी 2026 में कुल 71,714 वाहनों की बिक्री हुई, जबकि जनवरी 2025 में यह आंकड़ा 67,130 था। श्रेणी में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। जनवरी 2026 में 51,293 दोपहिया वाहन बिके, जो पिछले वर्ष जनवरी 2025 में 47,274 थे। इस प्रकार इस श्रेणी में 8.50 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। वाहनों की बिक्री जनवरी 2026 में 1,378 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष यह 1,287 थी, जिससे 7.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। श्रेणी में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला। जनवरी 2026 में 3,765 वाहन बिके, जो जनवरी 2025 के 3,512 वाहनों की तुलना में 7.20 प्रतिशत अधिक है। श्रेणी में 4.99 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी 2026 में 10,821 वाहन बिके, जबकि जनवरी 2025 में यह संख्या 10,307 थी।

### निधन

#### रुक्मिणी देवी दुबे



**रायपुर, 13 फरवरी।** रायपुर सुन्दर नगर एसबीआई कॉलोनी निवासी श्रीमती रुक्मिणी देवी दुबे पति - स्व. चक्रधर लाल दुबे, पूर्व बैंक अधिकारी रायगढ़ वाले का दुःखद निधन हो गया है। वे रिटायर्ड बैंक अधिकारी अनिल धर दुबे और अतुल धर दुबे की माँ थी। पूर्व पार्षद मृत्यंजय दुबे ने दुख प्रकट किया है।

# गौरवपथ या गौपथ

**केनाल लिंकिंग रोड पर बसों की अवैध पार्किंग भी निरंतर जारी**



**रायपुर, 12 फरवरी।** केनाल लिंकिंग रोड गौठान और यात्री बसों की पार्किंग का अड्डा बन गया है। यह गौरवपथ गौ पथ नजर आने लगा है। छत्तीसगढ़ के राज्य बनने के बाद राजधानी रायपुर को संवारने तथा यातायात की दृष्टि से सविधाजनक बनाने का काम धुआंधार ढंग से शुरू किया गया था।

इसी क्रम में जीई रोड पर ट्रैफिक की भीड़ कम करने केनाल लिंकिंग रोड की योजना बनाई गई। इस बाईपास रोड को बनाने में करीब 28 करोड़ खर्च हुए थे। डेड पड़ी नहर में विशाल पाईप लाईन बिछाकर छः किलोमीटर लंबी-चौड़ी सड़क बनाई गई है। केनाल लिंकिंग रोड को बने करीब 10 वर्ष से ऊपर हो गया है। यह इतनी मजबूत बनी है कि यह आज भी चमचमा रही है तथा इस पर एक भी खरोंच नहीं है। किंतु दुर्भाग्य है कि इस रोड का निजी यात्री बसों व पशुओं ने सत्यानाश कर दिया है। सत्यानाश ऐसे कि इस रोड पर जगह-जगह गायों का झुंड कब्जा जमाए रहते हैं। इनके गोबर से सड़क पर फिसलन हो जाती है। दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गायों से टकराकर कई वाहन चालक घायल हो चुके हैं। वहीं गायें भी जख्मी हुई है। सांडों के कारण सड़क पर दहशत बना रहता है। गायों को हटाने की कभी कोशिश नहीं की गई। काऊ कैचर गाड़ी इस ओर कभी नहीं आई है। पशुपालक गायों को सड़क पर छोड़ देते हैं।

नगर निगम प्रशासन पशुपालकों पर कार्रवाई नहीं करती है। होना यह चाहिए कि आवारा पशुओं को कांजी हाऊस में बंद करने के साथ ही पशुपालकों पर तगड़ा जुर्माना कर आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए। लापरवाही और गलती तो पशुपालकों की ही होती है। सबसे ज्यादा परेशानी रात में होती है। वास्तव में इस मार्ग पर एक भी जानवर नजर नहीं आना चाहिए। क्योंकि इस रोड पर गाड़ियां तेज गति से चलती है। अचानक कोई जानवर सामने आ जाए तो गाड़ी पर नियंत्रण पाना कठिन हो जाता है। लिहाजा प्रशासन को चाहिए कि इस रोड को जानवरों की नजर से नहीं इंसानों की नजर से देखें। इस रोड की दूसरी बड़ी समस्या निजी यात्री बसें हैं। बसों के मालिक पुलिस जिला व निगम प्रशासन पर भारी पड़ रहे हैं। यह प्रशासन के लिए शर्मनाक है। बार-बार चेतावनी के बाद भी केनाल लिंकिंग रोड को बसों की पार्किंग बना दी गई है। इससे यातायात में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। पूरे मार्ग पर दर्जनों बसें अवैध रूप से खड़ी रहती है। एक तरह से मार्ग पर बस मालिकों का कब्जा हो गया है। बसों को जब्त कर मालिकों पर कानूनी कार्रवाई बंद सी हो गई है।

सवाल यह है कि जब केनाल लिंकिंग रोड नहीं बना था तब बसें कहां पार्क की जाती थी? ऐसा लगता है कि करोड़ों खर्च कर इस रोड को पार्किंग के लिए बनाया गया है। लिहाजा रोड निर्माण का खर्च बस मालिकों से वसूला जाना चाहिए। बसों से पैसा बस मालिक कमाएं और परेशानी आम जनता उठाए। यह कहां तक उचित है। बस खरीदने के पूर्व गैराज की व्यवस्था करनी चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि इस बात की जांच करे कि बस मालिकों के पस बस संख्या के हिसाब से गैराज है या नहीं। इसी के बाद ही बस का आरटीओ से रजिस्ट्रेशन होना चाहिए व परमिट जारी करना चाहिए। राजधानी की अधिकांश सड़कों पर बसें पार्क की हुई नजर आ जाती है। इससे ट्रैफिक जाम होता है।

# संपत्ति कर जमा नहीं, चार व्यावसायिक परिसर सील

**रायपुर, 13 फरवरी।** रायपुर नगर निगम ने वर्षों का बकाया संपत्ति कर वसूलने में सख्ती दिखाई है. वर्षों से संपत्ति कर नहीं पटाने वाले चार बड़े बकायेदारों की 6 व्यावसायिक परिसरों को निगम ने सील कर दिया है. निगम की इस कार्यवाही से बकायादारों में हड़कंप मचा हुआ है.

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त आईएएस कुमार विश्वदीप के आदेशानुसार और अपर आयुक्त राजस्व कृष्णा खटीक, उपायुक्त राजस्व जागृति साहू जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 राजस्व विभाग की टीम द्वारा जोन सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू के मार्ग निर्देशन में नगर निगम जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50, बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 53 और लेफ्टिनेंट अरविन्द दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 क्षेत्र अंतर्गत विगत कई वर्षों से रायपुर नगर निगम राजस्व विभाग को बकाया राशि अदा नही करने वाले सम्बंधित 4 भिन्न बड़े बकायादारों को डिमांड बिल, डिमांड नोटिस एवं अंतिम नोटिस जारी करने के उपरांत भी सम्पतिकर (टैक्स) जोन कार्यालय में जमा नहीं करने के कारण सख्ती से कार्यवाही करते हुये उनके सम्बंधित 6 व्यावसायिक परिसरों को तत्काल ताला लगाकर सीलबंद की कार्यवाही की गई है.

रायपुर नगर पालिक निगम जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 अंतर्गत 7923831 रू. के बड़े बकायादार ज्योति केशवानी / केवलराम केशवानी बाबू जगजीवन राम वार्ड कमाक 53 अंतर्गत 107056 रू. के बड़े बकायादार भरत कुमार प्रिथवानी 111195 रू, 3994684 रू., 266768 रू. के बड़े बकायेदार किशोर कुमार प्रिथवानी, लेफ्टिनेंट अरविन्द दीक्षित वार्ड क्रमांक 56 अंतर्गत 91890 रू. के बड़े बकायादार रेखा लाल / एल. के. लाल द्वारा नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 राजस्व विभाग को बकाया राशि अदा नहीं किये जाने पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन 10 राजस्व विभाग द्वारा सम्बंधित स्थलों पर पहुंचकर भिन्न 4 बड़े बकायादारों से सम्बंधित उनके विभिन्न 6 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को तत्काल ताला लगाकर सीलबंद करने की कार्यवाही की गयी.



### पंजीयन नहीं कराने वाले 13 निजी अस्पतालों को विभाग का नोटिस

**रायपुर, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य संचालनालय ने HEM 2.0 पोर्टल में पंजीयन नहीं कराने वाले 13 निजी अस्पतालों को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। नोटिस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की ओर से स्वास्थ्य संचालनालय के निर्देशानुसार जारी किया गया।

जारी पत्र में कहा गया है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पंजीकृत सभी अस्पतालों को भारत सरकार द्वारा बनाए गए नए पोर्टल HEM 2.0 में अपनी संस्था की जानकारी अपडेट करनी होगी और आवश्यक प्रमाणपत्र अपलोड करना है। लेकिन अब तक अनेक पंजीकृत अस्पतालों ने आवेदन सब्मिट नहीं किया है, जिनका पंजीयन कराना लंबित है। स्वास्थ्य संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अस्पताल HEM 2.0 पोर्टल में तीन कार्यदिवस के भीतर अपनी जानकारी अद्यतन नहीं करता है, तो उसके खिलाफयोजना से निलंबन और अन्य कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई की पूरी जिम्मेदारी संबंधित अस्पताल की होगी।

# अकबर, बाबर, कांग्रेस का नहीं, मोदी और विष्णु का शासन है : सलीम राज

**रायपुर, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने कहा है कि कांग्रेस देश में तुष्टिकरण की राजनीति के चलते मुसलमानों को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुगल शासक अकबर और बाबर का शासन नहीं है कांग्रेस शासनकाल में तुष्टिकरण की राजनीति कर मुसलमानों के मन में अपनी ही मातृभूमि के प्रति भ्रम और भय पैदा किया गया।

डॉ. सलीम राज ने कहा कि, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को मुस्लिम एवं कांग्रेस अधिवेशनों से दूर रखा गया और मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया गया कि यह उनके मज़हब के खिलाफहै, जबकि इस्लाम में स्पष्ट लिखा है कि जिस देश में रहते हैं, उससे प्रेम करना, उसके कानून और संविधान का सम्मान करना हर



नागरिक का कर्तव्य है। मां तुझे सलाम जैसे शब्द भी इसी भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐसी सरकार है जो ÷सबका साथ, सबका विकास और सबकी समृद्धि के मंत्र पर कार्य कर रही है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय हित और मानवता के मूल्यों के साथ काम कर रही है। देश संविधान से चलेगा, न कि शरीयत कानून से, और यही भारत की असली ताकत है। सलीम राज ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर समाज को बांटने का काम किया और वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदू-मुस्लिम के बीच दूरियां बढ़ाई। उन्होंने कहा कि कांगेस शासन में देश में बार-बार दंगे हुए, जिससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हुआ, जबकि भाजपा शासनकाल में देश दंगा-मुक्त है। उन्होंने मुस्लिम समाज से आह्वान किया कि वे आगे आएं, देश के संविधान का पालन करें और समान नागरिक संहिता का समर्थन करें, ताकि समाज समानता और विकास की राह पर आगे बढ़ सके। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार का उदाहरण देते हुए सलीम राज ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 6,412 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया।

### भूपेश जहां-जहां चुनाव प्रचार में जाएंगे वहां-वहां बंटाधार : ओपी

**रायपुर, 13 फरवरी ।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शुक्रवार को यहां कहा कि असम-बंगाल में भाजपा को बंपर जीत हासिल होगी। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के असम चुनाव प्रचार में जाने के सवाल पर तंज कसा, और कहा कि भूपेश बघेल को प्रचार में जरूर जाना चाहिए। भूपेश यानी कांग्रेस के सफाए की गारंटी है। चौधरी आज एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा कर रहे थे। असम में चुनाव प्रचार जाने के सवाल पर कहा कि पार्टी ने डिप्टी सीएम अरूण साव, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, और उन्हें चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी है। चौधरी ने कहा कि वो कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने आगे कहा कि पार्टी को निश्चित रूप से असम, बंगाल, तमिलनाडु और केरल में बंपर जीत हासिल होगी। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के भी असम चुनाव प्रचार के लिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जहां भी भूपेश बघेल के पांव पड़े हैं, वहां कांग्रेस का सफाया हुआ है। चौधरी ने कहा कि भूपेश पहले उत्तर प्रदेश,असम और बिहार प्रचार के लिए गए थे वहां कांग्रेस का सफाया हो गया।

# असहाय बुजुर्गों की सेवा मातृ पितृ पूजन के समान : शाह




**रायपुर, 13 फरवरी।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा 28 बुजुर्गों को सुनने के लिए कान की मशीन का वितरण किया गया है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर , विजय चोपड़ा व भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष चन्द्रेश शाह ने कम सुनाई देने की समस्या को दूर करने बुजुर्गों को श्रवण यन्त्र का वितरण किया। इस अवसर पर सकल जैन समाज की जन्मकल्याणक समिति के अध्यक्ष चन्द्रेश शाह ने कहा कि सभी बुजुर्गों को माता पिता के समान समझना चाहिए। कम सुनाई देने की समस्या से जूझ रहे बुजुर्गों की सेवा माता पिता की पूजा के समान है। बुजुर्गों के अलावा बच्चों को भी कम सुनाई देने की समस्या होती है। कोचर व चोपड़ा ने बताया कि कुछ बच्चों को जन्म से सुनाई नही देता है ऐसे बच्चे बोलना भी आरम्भ नही कर पाते। 5 वर्ष से बड़े बच्चों को भी विशेष प्रकार के श्रवण यन्त्र दिए गए हैं जिससे वे पहली बार सुन सके व माँ शब्द का उच्चारण किया यह बड़ा भावुक पल था। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि विगत 15 वर्षों से बुजुर्गों की सेवा का अभियान चलाया जा रहा है इस सप्ताह भी बुजुर्गों व बच्चों को श्रवण यन्त्र वितरित की गई है। विगत वर्षों से अब तक 10100 श्रवण यन्त्र का वितरण किया गया।

### शैलेष और अजय बने चेम्बर के मंत्री

**रायपुर, 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को और अधिक गतिशील और मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपनी टीम का विस्तार किया है।

इस नई घोषणा में रायपुर के दो प्रमुख व्यापारियों शैलेष अग्रवाल और अजय देवांगन को प्रदेश मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि इन नए नियुक्त मंत्रियों के अनुभव का लाभ चैम्बर को मिलेगा।



# नेशनल ट्रेड एक्सपो 24 से




**रायपुर, 13 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि राजधानी रायपुर में 20 से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित होने जा रहे नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर तैयारियाँ अब तेज़ रफ्तार से और निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के तत्वावधान में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित एक्सपो को सफल बनाने हेतु व्यापारिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में आज कैट छत्तीसगढ़ चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में कैट एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक्सपो की व्यवस्थाओं, प्रचार-प्रसार, व्यापारिक सहभागिता एवं आपसी समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के पश्चात डोम एवं स्टॉल बुकिंग को लेकर व्यापारियों में विशेष उत्साह देखने को मिला है तथा बुकिंग प्रक्रिया निरंतर जारी हैं।

इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 की तैयारियाँ अब जमीनी स्तर पर तेज़ कर दी गई हैं। व्यापारिक संगठनों, कैट की विभिन्न इकाइयों, युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट एवं उद्योग कैट के माध्यम से लगातार बैठकों, संपर्क अभियानों एवं समन्वय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

**बयानबाजी** / आदिवासी वर्ग के साथ अत्याचार करने वाले अपराधियों को न्यायालय देगी सजा

# आपराधिक प्रकरण को राजनीतिक बताकर वापस लेना पीड़ितों के साथ अन्याय : बैज

**रायपुर, 13 फरवरी।** बालोद जिला में भाजपा नेताओं पर दर्ज आपराधिक प्रकरण को राजनीतिक बताकर वापस लिए जाने को पीड़ितों के साथ अन्याय करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार अपने नेताओं पर दर्ज आपराधिक प्रकरण को राजनीतिक बताकर वापस ले रही है, ये पीड़ित आदिवासी वर्ग के साथ अन्याय है। प्रकरण वापस होने की खबर के बाद आक्रोशित आदिवासी समाज ने बालोद कलेक्टर का घेराव कर विरोध जताया, न्याय की मांग की। 1 मई 2022 को आदिवासी समाज जो अपनी परम्परा का निर्वहन कर रहे उन पर भाजपा नेताओं ने समूह बनाकर हमला किया था। आरोपियों पर तुएगोंदी गांव के आदिवासी वर्ग के साथ तलवार, चाकू, लाठी लेकर मारपीट करने, जान से मारने, गम्भीर चोट पहुँचाने, हत्या का प्रयास करने का गम्भीर आरोप है, जिस पर बालोद जिला के थाना मुंगघुवा में दर्ज अपराध क्रमांक 16/22 प्रकरण क्रमांक 58/23 जिस पर धारा 307, 120बी, 147, 148, 149, 294, 323, 506, 25, 27, आर्म्स एक्ट, एवं 3(2)(ट) एससी/एस टी एक्ट के तहत मामला दर्ज है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आदिवासी वर्ग के साथ अत्याचार करने वाले अपराधी किस्म के लोगों को जिसे न्यायालय सजा देगी। ऐसे में सरकार इस प्रकरण को राजनीतिक प्रकरण घोषित कर कैसे वापस ले सकती है, ये पीड़ितों के साथ अन्याय है। आपराधिक प्रकरण वापसी की सूचना मिलने से आक्रोशित तुएगोंदी गांव के पीड़ित आदिवासी समाज के लोगों ने बालोद कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर विरोध जताया। आपराधिक प्रकरण के तहत कार्यवाही की मांग की। भाजपा आखिर अपराधियों को क्यों बचाना चाहती है? क्या भाजपा सरकार को राजनीतिक प्रकरण और आपराधिक प्रकरण में अंतर नहीं मालूम? जब आपराधिक प्रकरण ऐसे ही वापस लिए जाएंगे फिर अपराधी किस्म के लोगों को संरक्षण मिलेगा। कांग्रेस मांग करती है, तुएगोंदी के आदिवासी के साथ मारपीट करने वालो को कड़ी सजा मिले, उनका प्रकरण राजनीतिक मानकर समाप्त न किया जाये।

### किसानों को नहीं मिली एक मुश्त 3100 रु. क्विंटल धान की कीमत

**रायपुर, 13 फरवरी।** किसानों को धान की कीमत 3100 रु प्रति क्विंटल एकमुश्त देने की गारंटी को झूठा करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। किसानों को मोदी की गारंटी थी कि धान बेचते ही 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर से धान बेचते ही पंचायत भवन में नगद भुगतान किया जायेगा, जो बीते दो साल में पूरा नही हुआ है। किसानों के लिए मोदी गारंटी झूठा साबित हो गया। भाजपा अपने सबसे बड़े नेता की किसानों को दी गई गांरटी को तोड़ दिया। कांग्रेस ने पहले ही कहा था धान बेचने वाले किसानों को 3100 रु. की दर से भुगतान नहीं हो रहा है। आज आरोप सच साबित हुआ है। जब भाजपा सरकार समर्थन मूल्य में धान खरीदी के बाद 3100 रु. की बकाया राशि होली त्यौहार में देने की घोषणा की है। भाजपा की कथनी और करनी में यही अंतर है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी की गारंटी थी सभी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की धान खरीदी जायेगी, लेकिन चालू खरीफसीजन में किसान धान बेचने परेशान रहे है। अभी भी 7 लाख 50 हजार से अधिक किसानों से लगभग 23 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी नही की गई। 16 लाख से अधिक किसानों का 5 लाख 50 हजार करीब रकबा कटौती कर प्रति एकड़ 21 किवंटल धान की खरीदी नही की गई।

### तालाबों पर अतिक्रमण के विरुद्ध ग्रीन आर्मी चलाएगी अभियान

**रायपुर, 13 फरवरी।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विगत नौ वर्षों से सतत सक्रिय सामाजिक संस्था ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में नदियों, तालाबों, जलाशयों एवं सार्वजनिक उद्यानों के संरक्षण हेतु निरंतर जनजागरण, ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन एवं विधिक पहल की जाती रही है। जलस्रोत किसी भी शहर की जीवनरेखा होते हैं। इन्हीं से भूजल स्तर संतुलित रहता है, वर्षा जल का संचयन होता है तथा पर्यावरणीय संतुलन कायम रहता है। दुर्भाग्यवश रायपुर शहर के अनेक ऐतिहासिक एवं शासकीय तालाब आज अवैध कब्जे, पक्के निर्माण एवं भूमि पाटने की गतिविधियों से प्रभावित हो रहे हैं। इन्हीं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने निर्णय लिया है कि तालाब, नदी एवं सार्वजनिक गार्डन की भूमि पर हो रहे प्रत्येक अवैध कब्जे के विरुद्ध संगठित अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक प्रभावित स्थल पर फ्तालाब एवं गार्डन संरक्षण समिति का गठन किया जाएगा। प्रशासनिक शिकायत के पश्चात यदि समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है तो संस्था न्यायालय में जनहित याचिका सहित विधिक कार्रवाई करेगी। ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा तालाबों, नदियों एवं गार्डनों के संरक्षण हेतु एक सशक्त विधिक टीम का गठन किया जाएगा। इस प्रस्तावित टीम में 11 अधिवक्ताओं को शामिल किया जाएगा, जो जलस्रोतों पर हो रहे अतिक्रमण, अवैध निर्माण एवं सीमांकन संबंधी अनियमितताओं के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26